# Hindustan Times

## Why was Modi's victory margin in Varanasi lower?

By Roshan Kishore

Prime Minister Narendra Modi's victory margin in the Varanasi parliamentary constituency (PC), Uttar Pradesh, in these elections is 152,513 votes. Not only is this a sharp fall from the 2019 victory margin of 479,505 votes, it is also lower than his 2014 margin of 371,784 votes. What really happened in the 2024 elections in Varanasi? Here are four charts that answer this question.

### 1 Modi's victory margin has fallen much more than his vote share




### 2 Biggest reason behind fall in Modi's victory margin is a consolidation of opposition votes




### 3 Having said this, Modi also lost votes in every AC in Varanasi compared to 2019




### 4 And his 2024 margin is among the lowest ever for a sitting Prime Minister in India




# NDA endorses Modi's 3rd term as PM amid parleys for berths

Smriti Kak Ramachandran

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The National Democratic Alliance (NDA) on Wednesday unanimously chose Narendra Modi as its leader and passed a resolution in a meeting of 14 allies reposing confidence in his leadership as the 73-year-old appeared set to be sworn in for a third term as Prime Minister on June 8.

A meeting of 21 leaders, including two chief ministers – Bihar's Nitish Kumar and Maharashtra's Eknath Shinde – and one chief minister-designate, Telugu Desam Party (TDP) chief Chandrababu Naidu, took place on Wednesday at the PM's 7 Lok Kalyan Marg residence to seal the 15-member coalition.

"Met our valued NDA partners. Ours is an alliance that will further national progress and fulfil regional aspirations. We will serve the 140 crore people of India and work towards building a Viksit Bharat," Modi posted on X after the meeting.

The BJP won 240 seats in the general elections whose results

continued on →14




NDA leaders pose for a group photo after a meeting at PM Modi's residence on Wednesday. HT PHOTO

## Allies set to drive a hard bargain

Srinivasa Rao Apparasu, Anirban Guha Roy and Vijay Swaroop

letters@hindustantimes.com

**HYDERABAD/PATNA:** Multiple ministerial berths, both of Cabinet and minister of state ranks, and several region-specific demands such as financial aid for their respective states — the demands flew quick and fast, usually aired through back channels, as constituents of the NDA jockeyed for power and position on Wednesday as they attempted to engineer India's next cabinet.

The Telugu Desam Party, BJP's largest ally with 16 seats, could ask for four berths said a senior party leader, but added that chief N Chandrababu Naidu felt it was important to not create hurdles in government formation. A second pressure group for the BJP to assuage is its allies from Bihar, the JD(U) and Lok Janashakti Party (Ram Vilas) who together won 18 of the 40 Lok Sabha seats in the state.

→P9

## WINNING, LOSING PART OF GAME: PM IN CABINET MEET

**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Wednesday said "winning and losing are a part and parcel of politics" as he chaired the last meeting of the outgoing Union cabinet which recommended dissolution of the 17th Lok Sabha, setting in motion the process of formation of the next government.

→P9

## WORLD LEADERS CONGRATULATE PM ON HIS WIN

**NEW DELHI:** US President Joe Biden, Russian President Vladimir Putin, Japanese PM Fumio Kishida, and French President Emmanuel Macron were among world leaders who congratulated PM Narendra Modi on Wednesday on securing a third term and expressed their intention to work with him on global issues.

→P8

[ INTERVIEW ] AWADHESH PRASAD, SAMAJWADI PARTY LEADER

## 'Ram's blessings, people's support helped me win'



## BJP gets a drubbing in all five Lok Sabha seats of Ayodhya division



## POLL PERSONNEL RECEIVED REMUNERATION VIA E-PAYMENT: UPCEO



## Seven Union ministers figure in list of the vanquished in U.P.

[ ROAD AHEAD FOR NDA AND INDIA BLOC ]

## After poll outcome, U.P. set to see scramble for OBC, Dalit votes

## UTTAR PRADESH SET TO WITNESS MINI BY-POLL

## Mixed results for BJP allies

ICAR-INDIAN INSTITUTE OF SUGARCANE RESEARCH

NOTICE

# Hindustan Times

## POLL PERSONNEL RECEIVED REMUNERATION VIA E-PAYMENT: UPCEO

Navdeep Rinwa FILE

**LUCKNOW :** The UP chief electoral officer (UPCEO) Navdeep Rinwa, on Thursday, at the end of the election process for the 2024 Lok Sabha polls, said that the elections were successfully accomplished and thanked all the voters, all personnel related to the election, including the security personnel, the political parties, all candidates, and the media.

In a statement, he said that during these polls, several new tech tools were incorporated into the election process such as the voters' helpline, C-Vigil, and some mobile phone tools.

The Model Code of Conduct was strictly implemented, and the enforcement agencies checked and acted on cases of illicit liquor seizure, cash seizure, and other related confiscations.

"I am extremely thankful to voters for exercising their franchise despite the severe summer heat. The voters proved that ultimately, it is the voters who are the real winners of the polls. Also, all the election duty personnel diligently worked despite the severe heat," he said. HTC

# Times of India





## 50% WIN RATE: MODI'S CAMPAIGN TOOK HIM TO 24 STATES OVER 2 MTHS

PM Modi criss-crossed the country in a hectic and protracted election season to canvass for both BJP candidates and those of its NDA partners. He covered 24 states and UTs and held scores of rallies and roadshows. His speeches made news and sparked controversy but fetched modest returns as only about 50% of these seats went to NDA.

| State | No of Rallies/Roadshows | Seats Won | Vote Share |
|---|---|---|---|
| Uttar Pradesh | 31 | 13 | 30.0 |
| West Bengal | 20 | 6 | 27.2 |
| Maharashtra | 17 | 2 | 29.2 |
| Bihar | 15 | 7 | 49.3 |
| Odisha | 12 | 12 | 45.3 |
| Karnataka | 10 | 8 | 53.9 |
| Madhya Pradesh | 10 | 10 | 47.3 |
| Jharkhand | 9 | 5 | 53.2 |
| Rajasthan | 9 | 3 | 51.3 |
| Gujarat | 6 | 5 | 43.2 |
| Tamil Nadu | 6 | 0 | 53.4 |
| Telangana | 6 | 4 | 32.6 |
| Andhra Pradesh | 5 | 2 | 59.3 |
| Chhattisgarh | 4 | 4 | 31.2 |
| Punjab | 4 | 0 | 54.2 |
| Haryana | 3 | 1 | 47.5 |
| Kerala | 3 | 1 | 23.6 |
| Assam | 2 | 1 | 42.5 |
| Himachal Pradesh | 2 | 2 | 23.8 |
| Nct Of Delhi | 2 | 2 | 37.9 |
| Uttarakhand | 2 | 2 | 72.8 |
| Goa | 1 | 0 | 41.6 |
| Jammu & Kashmir | 1 | 1 | 55.5 |
| Tripura | 1 | 1 | 40.4 |

181 TOTAL RALLIES

Seats where Modi held rallies and the party that finally won: BJP, NDA+, Cong, India+, Others

In 75 constituencies where he held rallies, BJP lost to INDIA bloc parties. In the heartland state of UP, Modi held 27 rallies and 4 roadshows but BJP could win only 13 seats with a 41% vote share



## Local resentment along with SP's Dalit gamble: How BJP lost Ayodhya

### VIP Culture & Afsarshahi Too Played A Part

Shalabh@timesgroup.com

**NUMBER GAME** (BJP, SP)

11,39,866 Total votes cast in Faizabad LS poll

5,54,289 Awadhesh Prasad — 4,99,722 Lallu Singh — Victory margin 54,567

**ASSEMBLY CONSTITUENCY-WISE VOTES: SP vs BJP (EXCLUDES POSTAL BALLOT)**

| Assembly constituency | SP | BJP |
|---|---|---|
| Ayodhya City | 1,00,004 | 1,04,671 |
| Milkipur | 95,612 | 87,879 |
| Bikapur | 1,22,543 | 92,859 |
| Rudauli | 1,04,113 | 92,410 |
| Dariyabad | 1,31,277 | 1,21,183 |

Awadhesh was sitting MLA from the seat (Milkipur). Located in the neighbouring Barabanki district (Dariyabad).

**Ayodhya:** "Na Mathura, na Kashi, abki baar Awadhesh Pasi" (Neither Mathura nor Kashi, this time Awadhesh Pasi) — this battle cry of Samajwadi Party triumphed over BJP's Ram temple gambit in Ayodhya, much to the embarrassment of the saffron camp.

Even as BJP played the temple card in a big way across the country in these elections, the birthplace of Lord Ram rejected the party, which lost in four of the five assembly segments in Faizabad constituency, under which Ayodhya falls.

SP took a gamble by fielding Awadhesh Prasad, belonging to the scheduled caste Pasi community, on a general seat. A nine-time MLA and former minister, he trounced BJP's Lallu Singh by 55,000 votes. Anti-incumbency against two-time MP Lallu was evident in rural pockets.

This is the first time since 1957 that Faizabad has sent a scheduled caste representative to Parliament.

Addressing the media soon after his victory, Awadhesh said: "BJP left no stone unturned to seek votes in the name of Ram temple. During elections, the party made sure all the prominent leaders associated with it, governors from BJP-ruled states and other dignitaries kept visiting Ram temple, for their political gains. But the local people realised they were being misled." The saffron camp showcased the "development" happening in and around Ayodhya post-temple construction. But, it was exactly this "makeover" that proved its nemesis in Ayodhya.

While the PDA (pichhda, dalit and alpsankhyak) formula of Akhilesh Yadav certainly helped in consolidating the voters, the transformation and development of the city introduced a series of problems for local residents.

Sharad Kapoor, director of one of the oldest hotels in the city, Shan-e-Awadh, said: "Barricades, police bandobast, traffic diversions, VIP culture, afsarshahi (bureaucratic dominance) and inadequate compensation for property owners are some issues which have been affecting local residents and traders in the city. In the rural pockets, too, a sense of insecurity has gripped villagers."



With land becoming the priciest asset in the Faizabad, the local administration and development authority have been regulating property transactions in the city and notifying acquisition of agricultural land parcels on the outskirts for further expansion.

BJP's local brass was aware of the growing unrest over these issues, but had little say in taking decisions.

BJP city chief in Ayodhya, Kamlesh Srivastava, said, "Though we are surprised, we respect the mandate of the people. Members of the organisation spent a lot of time in the field, engaging with the local community. But somehow, we could not capture the mood of the voters or were unable to get their issues resolved in time. Our booth-level review and detailed evaluation is yet to take place."

## Cadre, personality clash: How Cong reclaimed Amethi

Shailvee.Sharda
@timesgroup.com

**AMETHI ASSEMBLY SEGMENT WISE RESULT**

| Assembly Constituency | KL Sharma | Smriti Irani |
|---|---|---|
| Tiloi | 1,01,405 | 83,287 |
| Salon | 1,19,370 | 67,052 |
| Jagdishpur | 1,01,496 | 86,073 |
| Gauriganj | 1,08,426 | 75,048 |
| Amethi | 1,05,983 | 59,294 |
| Postal | 2,584 | 1,278 |
| Total votes | 5,39,228 | 3,72,032 |

Total valid votes polled in Amethi (All candidate) | 9,80,883

Total voters 1796014

Voter turnout 54.34%

**Lucknow:** The reclamation of Amethi will be etched in Congress's history books. Kishori Lal Sharma, a dedicated party cadre since 1983, ousted sitting BJP MP and Union minister Smriti Irani by a margin of 1.67 lakh votes — three times the number of votes with which she defeated Rahul Gandhi in 2019. Sharma secured more votes than Irani across all assembly segments.

TOI takes a look at what turned the tables for Congress.

**Element of surprise**

The 62-year-old Sharma wasn't the initial choice for Amethi. While Rahul was expected, his sister Priyanka Gandhi Vadra was the preferred candidate. Posters even suggested Priyanka's husband Robert Vadra as a potential candidate. However, Congress kept its decision under wraps until the last day of nominations, when Sharma was officially named the candidate. Priyanka was present during the nomination formalities.

Experts believe Sharma's candidacy benefited Congress by maintaining the "Rahul versus Modi" narrative for the 2024 elections and disrupting the local BJP unit's plans for a "Rahul versus Irani" contest. Also, having a committed cadre as a candidate strengthened the otherwise frail Congress organisation.

**Clash of personalities**

Sharma, a seasoned behind-the-scenes worker for Congress, presented a stark contrast to Irani in terms of personality. Known locally as "Kishori Bhaiya", his speeches were simple, crisp, and effective, emphasising his connection to the constituency: "Mai Amethi ka neta nahi beta hoon... aakpa kishori hoon (I am not Amethi's leader but your son, I am your own Kishori)." This approach contrasted with Irani's emphatic pitch, further fuelled by anti-incumbency against her.

**Son-of-the-soil factor**

Sharma employed his deep knowledge of Amethi constituency to consolidate Congress's voter base, a task he had been performing since 1992. Starting May 6, Sharma personally visited over 1,900 booths across the constituency in just 13 days. "Since Kishori Bhaiya knows the villages in Amethi like the back of his hand, the familiarity allowed him to cover more ground quickly," said Anil Mishra, a member of his team.

Sharma also rallied support from old Congress cadres who had distanced themselves from the party since the 2019 debacle. Priyanka's involvement as Sharma's campaign leader added a personal touch, revitalising the party's efforts.

**Caste calculus**

Sharma's use of his surname helped attract Brahmin votes, an estimated 2.25 lakh in the constituency. "The use of the title Pandit Kishori Lal Sharma instead of KL Sharma was a message to Brahmin voters," said political commentator JN Shukla.

Sharma also connected with Yaduvanshi (Yadav) voters by visiting revered temples, such as Nand Mahar Mandir, and engaging with OBC members with the help of Samajwadi Party workers. A joint rally by Rahul and SP chief Akhilesh Yadav provided the final push to the campaign. Crediting his victory to the support of SP cadres and Priyanka's campaign leadership, Sharma described his success as a triumph of "pure love and teamwork" over "arrogance and over-confidence".



# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## अमर उजाला

# एनडीए के नेता चुने गए मोदी, आठ को तीसरी बार लेंगे पीएम पद की शपथ

### नायडू-नीतीश समेत सहयोगी दलों के नेताओं ने सौंपे समर्थन पत्र, पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भेजे जा रहे निमंत्रण

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू व जनता दल-यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत 14 घटक दलों के नेताओं ने उन्हें समर्थन पत्र सौंप दिए। मोदी आठ जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ समारोह में पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में पीएम मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। अब शुक्रवार को एनडीए के संसदीय दल के नेताओं की बैठक के बाद भाजपा संसदीय दल की बैठक में उन्हें नेता चुना जाएगा। इसी दिन मोदी राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया, एनडीए सरकार अपनी विरासत को संरक्षित करते हुए देश के विकास और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम करना जारी रखेगी।

एनडीए की बैठक में पीएम मोदी का अभिवादन करते चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार। एजेंसी

#### मोदी के नेतृत्व में जीत : नायडू

नायडू ने मोदी को एनडीए की जीत की हैट्रिक का शिल्पकार बताया। कहा, पीएम मोदी की बदौलत एनडीए को बहुमत मिला है। हमारे प्रति देश की अपेक्षा बढ़ गई है। हम सभी वर्गों की अपेक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे।

#### अब देर किस बात की : नीतीश

बैठक के दौरान नीतीश बेहद हल्के-फुल्के मूड में नजर आए। उन्होंने मोदी से कहा, सभी का समर्थन आपके साथ है। हमारे पास बहुमत है। ऐसे में अब देर किस बात की। आप जल्द से जल्द सरकार बनाने का दावा कर पीएम पद की शपथ लें।

**सबके लिए हमेशा उपलब्ध :** मोदी ने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण है। आजादी के बाद दूसरी बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार आ रही है। भाजपा व एनडीए के लिए देश सर्वोपरि है। मैं सभी के लिए हमेशा उपलब्ध हूं। देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का दायित्व एनडीए पर है। इस कार्यकाल में हम इसकी मजबूत नींव रखेंगे।

#### पीएम ने इस्तीफा सौंपा, 17वीं लोकसभा भंग

पीएम मोदी ने बुधवार को अपने दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट की अंतिम बैठक की। इसके बाद, राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें इस्तीफा सौंपते हुए लोकसभा भंग करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति ने तत्काल प्रभाव से 17वीं लोकसभा भंग कर दी और नई सरकार के गठन तक मोदी से पद पर बने रहने को कहा। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 16 जून तक है।

#### 40% अंक लाने वाले मना रहे जश्न

पीएम ने विपक्ष के जश्न मनाने पर तंज कसा। कहा, 95 फीसदी अंक लाने वाला उदास है, मगर 40 फीसदी अंक लाकर महज किसी तरह पास होने वाला उल्लास में है। पीएम ने कहा कि लोकतंत्र में सीटों की संख्या घटती-बढ़ती है, मगर आम चुनाव में जनादेश हमें मिला है। >> पेज 10

#### इन्हें किया आमंत्रित

शपथ ग्रहण का साक्षी बनने के लिए मोदी पड़ोसी देशों के राष्ट्र प्रमुखों को आमंत्रित कर रहे हैं। इनमें भूटान नरेश जिग्मे खेसर नंग्याल वांगचुक, श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे, नेपाल के पीएम पुष्पकमल दहल प्रचंड, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना व मॉरिशस के पीएम प्रविंद जुगनाथ शामिल हैं।

#### आज का दिन अहम

नई सरकार के गठन के लिए बृहस्पतिवार का दिन अहम होगा। सरकार के सहयोगी नई मंत्रिपरिषद को लेकर भाजपा नेतृत्व को अपनी अपेक्षाएं बताएंगे। जदयू व टीडीपी की सरकार में प्रभावी मौजूदगी की उम्मीद है।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 06 जून, 2024

## अमर उजाला

मतदान

राबर्ट्सगंज में सर्वाधिक 19 हजार से ज्यादा वोट नोटा में गए, झांसी 15 हजार से अधिक वोटों के साथ दूसरे नंबर पर

# बुंदेलखंड और पूर्वांचल में नोटा का बटन सबसे ज्यादा दबा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। नोटा का इस्तेमाल करने के मामले में राबर्ट्सगंज के मतदाता प्रदेश में अव्वल आए। यहां 19 हजार से ज्यादा वोट नोटा के खाते में गए। वहीं झांसी में 15000 से ज्यादा वोट नोटा में गए। मिर्जापुर, बहराइच, बांदा, कैसरगंज, कौशांबी में भी खूब नोटा पड़ा। ट्रेंड देखें तो पूर्वांचल के मतदाताओं ने सबसे ज्यादा नोटा का प्रयोग किया। बुंदेलखंड ने भी नोटा का बटन दबाकर नाराजगी का इजहार किया।




**नोटा का डाटा**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आगरा 7014 | बांसगांव 9021 | | | लखनऊ 7350 | प्रतापगढ़ 2891 |
| अकबरपुर 7649 | बाराबंकी 8221 | | | मछलीशहर 5303 | रायबरेली 7872 |
| अलीगढ़ 4934 | बरेली 6260 | फर्रुखाबाद 4365 | हाथरस 6299 | महाराजगंज 9745 | रामपुर 5653 |
| इलाहाबाद 9952 | बस्ती 7761 | फतेहपुर 8120 | जालौन 11134 | मैनपुरी 4582 | राबर्ट्सगंज 19032 |
| अंबेडकरनगर 7448 | भदोही 11229 | फतेहपुर सीकरी 7793 | जौनपुर 6329 | मथुरा 4563 | सहारनपुर 4566 |
| अमेठी 9383 | बिजनौर 4446 | फिरोजाबाद 5279 | झांसी 15302 | मेरठ 4776 | सलेमपुर 7549 |
| अमरोहा 5900 | बुलंदशहर 6925 | गौतम बुद्ध नगर 10324 | कैराना 3249 | मिर्जापुर 15049 | संभल 7217 |
| आंवला 6858 | चंदौली 9005 | गाजियाबाद 8211 | कैसरगंज 14887 | मिश्रिख 8229 | संत कबीरनगर 9227 |
| आजमगढ़ 6234 | देवरिया 10212 | गाजीपुर 9065 | कन्नौज 4818 | मोहनलाल गंज 8666 | शाहजहांपुर 8490 |
| बदायूं 8562 | धौरहरा 7144 | घोसी 3518 | कानपुर 4117 | मुरादाबाद 5824 | श्रावस्ती 9872 |
| बागपत 5190 | डुमरियागंज 9447 | गोंडा 9055 | कौशांबी 12962 | मुजफ्फरनगर 3916 | सीतापुर 6958 |
| बहराइच 12864 | एटा 5156 | गोरखपुर 7681 | खीरी 7931 | नगीना 5307 | सुल्तानपुर 1369 |
| बलिया 8187 | इटावा 6266 | हमीरपुर 13453 | कुशीनगर 9762 | फूलपुर 5460 | उन्नाव 9453 |
| बांदा 13235 | फैजाबाद 7536 | हरदोई 8814 | लालगंज 7094 | पीलीभीत 6741 | वाराणसी 8478 |

अलीगढ़, बागपत, बिजनौर, एटा, घोसी, कैराना और शाहजहांपुर के मतदाताओं ने नोटा का सबसे कम इस्तेमाल किया।

वहीं अकबरपुर, अंबेडकरनगर, अमेठी, बहराइच, बांदा, बांसगांव, भदोही, डुमरियागंज, गौतमबुद्धनगर, बांसगांव, गोंडा, हमीरपुर, जालौन, कैसरगंज, कुशीनगर और महाराजगंज आदि में सबसे ज्यादा नोटा के बटन दबाए गए।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 06 जून, 2024

## अमर उजाला

# लोकसभा चुनाव में खूब हुआ तकनीक का इस्तेमाल : रिणवा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े समस्त कार्मिकों, सुरक्षाकर्मियों तथा चुनाव में भाग लेने वाले सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान नई तकनीकों एवं नवाचारों का इस्तेमाल किया गया। वोटर हेल्प लाइन, सी-विजिल, वोटर टर्नआउट, सक्षम, सुविधा, केवाईसी जैसे मोबाइल एप का प्रयोग कर अनेक नवाचार किए गए। प्रत्येक मतदाता को अपना मत देने का अवसर मिले इसके लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनावी प्रक्रिया को बढ़ावा दिया गया।

### पहली बार निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ई-पेमेंट

उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेशभर के सभी निर्वाचन कार्मिकों को पहली बार पारिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ई-पेमेंट के माध्यम से भेजी गई है। इससे पूर्व यह राशि नकद दी जाती थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से 4 जून के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया गया।

उन्होंने प्रचंड गर्मी में भी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं, ईमानदारी से काम करने वाले मतदान और मतगणना कार्मिकों और सुरक्षाबलों का भी आभार व्यक्त किया।


मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 अल्पकालीक ई-निविदा सूचना, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निर्धारित समय में सक्षम एवं प्रतिष्ठित निविदाकर्ताओं से विद्युत भंडार मंडल, मविविनिलि, लखनऊ के अन्तर्गत ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता द्वारा पूर्ण कार्य की मात्रा हेतु प्रस्ताव देना होगा :- क्र.सं., निविदा विशिष्ट सं0, कार्य का विवरण, धरोहर धनराशि

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 बाराबंकी ई-निविदा सूचना, अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु कार्य में अनुभवी व

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
रेल दावा अधिकरण
कोर्ट नं. 14, 15, 16 पुराना हाई कोर्ट परिसर, केसरबाग, लखनऊ
11 महीने की अवधि के लिए अस्थायी आधार पर एक संविदा आशुलिपिक के लिए

## दैनिक जागरण

# मोदी बने राजग के नेता

### सहयोगी दलों ने राजग की बैठक में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर लगाई मुहर

- नीतीश, चंद्रबाबू सहित कई वरिष्ठ नेता बैठक में रहे मौजूद
- शनिवार या रविवार को मोदी पीएम पद की ले सकते हैं शपथ
- समर्थन की चिट्ठी के साथ मोदी पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्लीः** राजग में शामिल दलों ने नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया है। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द-से-जल्द सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया। 292 सांसदों के साथ राजग को लोकसभा में तीसरी बार स्पष्ट बहुमत मिला है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को राजग के संसदीय दल की बैठक होगी और इसमें मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद शनिवार या रविवार को मोदी लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले सकते हैं।

बैठक में राजग के सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने प्रस्ताव पारित कर एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को सराहा और पिछले 10 वर्षों में हुए विकास और जनकल्याण के लिए किए गए कामों की प्रशंसा की। इन नेताओं का कहना था कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। साथ ही उनका कहना था कि राजग के सभी दलों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में ही एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उनके अनुसार पीएम के पास विकसित भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है और वे इस लक्ष्य को हासिल करने में साझीदार हैं। राजग नेताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 साल में चलाई गईं गरीब कल्याणकारी योजनाओं की भी सराहना की और इन्हें आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए मोदी के कठिन परिश्रम को भी सराहा। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि 1962 के बाद पहली बार किसी सरकार को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलना ऐतिहासिक है और यह सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यों पर जनता के भरोसे को दिखाता है। इस बीच समर्थन की चिट्ठी के साथ मोदी राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

बैठक के दौरान नेताओं के बैठने के क्रम से राजग में उनकी अहमियत का भी संकेत मिला है। प्रधानमंत्री के बायीं तरफ 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू और उसके बाद 12 सीटें जीतने वाली जदयू के नीतीश बैठे थे। नीतीश के बगल में सात सीटें जीतने वाले शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे बैठे थे। पीएम की दायीं तरफ 240 सीटों वाले राजग के सबसे बड़े सहयोगी भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, उनके बगल में राजनाथ सिंह और अमित शाह बैठे थे। शाह के बगल में पांच सीटें जीतने वाली लोजपा के चिराग पासवान, उनके बगल में दो सीट जीतने वाले जेडीएस के कुमार स्वामी और इतनी ही सीट जीतने वाली रालोद प्रमुख जयंत चौधरी बैठे दिखे। एक-एक सीट जीतने वाले सहयोगी दलों के नेताओं को उनके बाद जगह मिली। माना जा रहा है कि जल्द ही पीएम मोदी के नए मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों की भागीदारी के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



नई दिल्ली में बुधवार को राजग की बैठक के दौरान तेदेपा अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं शिवसेना (शिंदे) अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी • वीडियो ग्रैब/प्रेट्र

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को इस्तीफा सौंप दिया। इसके पहले उनके नेतृत्व में मंत्रिमंडल की बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का फैसला किया गया। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 17 जून तक है। राष्ट्रपति ने मोदी को नई सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने का आग्रह किया। इसके बाद राष्ट्रपति पीएम मोदी और मंत्रिपरिषद के लिए राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। इसमें उपराष्ट्रपति व ओम बिरला भी शामिल हुए।

> अपने अहम राजग सहयोगियों से मुलाकात की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय विकास को आगे बढ़ाएगा और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगा। हम भारत के 140 करोड़ लोगों की सेवा करेंगे और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।
> -नरेन्द्र मोदी

### हार और जीत राजनीति का हिस्साः मोदी

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव के नतीजों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, नंबर-गेम चलता रहता है। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों से कहा कि हमने 10 साल अच्छा काम किया और,आगे भी करेंगे। आप सभी ने बहुत मेहनत की है, इसके लिए सभी का आभार। मोदी ने तीसरे कार्यकाल में देश के विकास की रफ्तार बनाए रखने, जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का एलान किया है।

संबंधित सामग्री » 2, 8 व जागरण सिटी
गठबंधन सरकार » संपादकीय

# कांग्रेस से सीधी लड़ाई में भाजपा भारी

### भारतीय जनता पार्टी 441 सीटों पर लड़ी, 55% के स्ट्राइक रेट से जीतीं 240 सीटें

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्लीः** इस लोकसभा चुनाव में सीटें घट जाने के बावजूद भाजपा ने फिर साबित कर दिया कि सीधे मुकाबलों में कांग्रेस पर उसका दबदबा कायम है, हालांकि इसमें कमी भी आई है। इसी तरह भाजपा स्ट्राइक रेट यानी लड़े गए मुकाबलों में जीत हासिल करने में भी कांग्रेस से बेहतर स्थिति में रही।

2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों का विश्लेषण करें तो इस बार 215 सीटों पर भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला हुआ, जिनमें भाजपा के खाते में 153 सीटें आईं। जबकि पिछली बार यानी 2019 में 190 सीटों पर कांग्रेस से सीधी भिड़ंत में भाजपा ने 175 सीटें हासिल की थीं। इसका मतलब है कि कांग्रेस से सीधे मुकाबले में भाजपा का स्ट्राइक रेट इस बार लगभग 72 प्रतिशत रहा, जो पिछले चुनाव में 92 प्रतिशत से अधिक था। दूसरी ओर कांग्रेस का भी भाजपा के साथ सीधी भिड़ंत में इस बार बेहतर प्रदर्शन नजर आया। उसे इस बार ऐसे मुकाबले वाली 62 सीटों पर जीत हासिल हुई। जबकि पिछली बार उसे इस तरह की केवल 15 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने इस बार 441 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और उसके 240 प्रत्याशी जीतने में कामयाब रहे। यानी उसका स्ट्राइक रेट लगभग 55 प्रतिशत से अधिक रहा। दूसरी ओर कांग्रेस के 328 में से 99 प्रत्याशी जीतने में सफल रहे यानी उसके 30 प्रतिशत उम्मीवारों को सफलता हासिल हुई।

सपा का स्ट्राइक रेट भी उल्लेखनीय है। उसने इस बार कांग्रेस के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की 62 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और उसे 37 सीटों पर जीत मिली यानी उसका स्ट्राइक रेट भी लगभग 60 प्रतिशत रहा। बेहतर स्ट्राइक रेट के लिहाज से महाराष्ट्र के कद्दावर नेता शरद पवार की राकांपा (एसपी) का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। पार्टी ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके आठ उम्मीदवार (80 प्रतिशत) जीतने में सफल रहे। इसके विपरीत अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को चार में से केवल एक सीट पर कामयाबी मिली।



नई दिल्ली में बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को प्रधानमंत्री पद से अपना त्यागपत्र सौंपते नरेन्द्र मोदी • प्रेट्र

**215** सीटों पर हुई भाजपा और कांग्रेस की सीधी भिड़ंत, भाजपा ने पाईं 153 सीटें

### मप्र में भाजपा ने वोट हिस्सेदारी का बनाया रिकार्ड

धनंजय प्रताप सिंह • नईदुनिया

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ में हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का जो मंत्र दिया था, वही यहां भाजपा की जीत का मजबूत आधार बना। पीएम मोदी ने कहा था कि हर बूथ पर पिछले तीन चुनाव में मिले परिणाम निकालिए, जब भी सबसे ज्यादा वोट मिले हों, उसमें 370 वोट और जोड़ लीजिए। इसी मंत्र पर भाजपा संगठन ने बूथ प्रबंधन का माडल खड़ा किया और सभी 29 सीटों पर जीत का लक्ष्य पा लिया। बेहतर बूथ प्रबंधन के कारण ही भाजपा के आठ प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन्होंने चार लाख से लेकर पौने 12 लाख वोटों के अंतर से जीत प्राप्त की। इसके साथ पीएम मोदी ने राज्य में आक्रामक प्रचार किया। भाजपा के आक्रामक चुनाव प्रचार और रणनीति का ही परिणाम है कि 44 वर्ष बाद आम चुनाव में छिंदवाड़ा सीट को भी उसने कांग्रेस से छीन लिया। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 58 प्रतिशत वोट शेयर के साथ राज्य की 28 सीटें जीती थी, इस बार यही वोट शेयर बढ़कर 59 .27 प्रतिशत हो गया और कांग्रेस का वोट शेयर 34 .5 से घटकर 32 .44 प्रतिशत पर आ गया।




### हिमाचल में सुनियोजित प्रचार से खिला कमल

रोहित नागपाल • जागरण

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में चार संसदीय क्षेत्रों में चुनाव और छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के परिणाम भाजपा व कांग्रेस को कई संदेश दे गए। भाजपा के सुनियोजित प्रचार से लोकसभा की चारों सीटों पर कमल खिला। हालांकि, अपनों की नाराजगी के कारण उपचुनाव में पार्टी को चार सीटों पर हार झेलनी पड़ी। कांग्रेस ने रणनीति से चार सीटों पर उपचुनाव तो जीता, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए नियोजन नहीं कर सकी। भाजपा से हमीरपुर से अनुराग ठाकुर, कांगड़ा से डा. राजीव भारद्वाज, मंडी से कंगना रनौत और शिमला से सुरेश कश्यप लोकसभा पहुंचने में सफल रहे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट आवंटन में देरी की, जो हार का बड़ा कारण रहा। उन्हें उस समय चुनावी समर में उतारा गया, जब भाजपा के प्रत्याशी प्रचार के एक या दो राउंड पूरा कर चुके थे। कांग्रेस प्रत्याशियों के कुछ नाम पूरी तरह अप्रत्याशित थे। जब इन नेताओं के नाम घोषित हुए तो एक नेता संसदीय क्षेत्र में वर्षों से नहीं गए थे। वह चुनाव के लिए तैयार नहीं थे।

दैनिक जागरण

# यूपी में 70 पार उम्र के 10 सांसद

## फैजाबाद लोकसभा सीट से जीते अवधेश प्रसाद सबसे बुजुर्ग

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव जीतने वाले 10 प्रत्याशी ऐसे हैं जिनकी उम्र 70 साल या उससे अधिक है। फैजाबाद सीट से चुनाव जीते सपा के अवधेश प्रसाद सबसे बुजुर्ग हैं। उनकी उम्र 79 वर्ष है। वहीं मथुरा से भाजपा की हेमामालिनी 75 साल की हैं। डुमरियागंज से भाजपा से ही जीते जगदंबिका पाल की आयु 74 साल है।

वाराणसी से चुनाव जीते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र 73 साल है। लखनऊ लोकसभा सीट से चुनाव जीते निवर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की उम्र 72 साल है। मेरठ लोकसभा सीट से चुनाव जीते भाजपा के अरुण गोविल की आयु भी इतनी ही है। लालगंज सुरक्षित सीट से चुनाव जीते सपा के दरोगा प्रसाद सरोज की आयु 71 वर्ष है। वहीं गाजीपुर से सपा के अफजाल अंसारी, बस्ती से सपा के राम प्रसाद चौधरी और अकबरपुर सीट से जीते भाजपा के देवेन्द्र सिंह भोले की उम्र 70 साल है।

वहीं, 45 साल से कम आयु के 16 सांसद हैं। सबसे कम उम्र के सपा के कौशांबी सीट से जीते पुष्पेंद्र सरोज हैं। इनकी उम्र 25 साल ही है।

नरेन्द्र मोदी राजनाथ सिंह

अरुण गोविल हेमामालिनी

● नवनिर्वाचितों में 16 ऐसे सांसद जिनकी आयु 45 साल से कम

मछलीशहर सुरक्षित से जीतीं सपा की प्रिया सरोज की उम्र 25 साल सात महीने है। कैराना से सपा की इकरा हसन 29 साल की हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से जीते भाजपा के करण भूषण सिंह की उम्र 33 वर्ष, संभल से सपा के जियाउर्रहमान बर्क 35, बिजनौर से आरएलडी के चंदन चौहान 35 और बदायूं से सपा के आदित्य यादव की उम्र भी 35 साल ही है। नगीना सुरक्षित सीट से जीते आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चंद्रशेखर की उम्र 36 साल है। फिरोजाबाद से सपा के अक्षय यादव की उम्र 37 साल है। खीरी से चुनाव जीते सपा के उत्कर्ष वर्मा की 38 साल और बाराबंकी से कांग्रेस से जीते तनुज पुनिया की उम्र 39 साल है। मीरजापुर से चुनाव जीती अपना

अवधेश प्रसाद अफजाल अंसारी

दल (एस) की अनुप्रिया पटेल की 43 साल, एटा से सपा के देवेन्द्र शाक्य की 42, हाथरस से भाजपा के अनूप वाल्मीकि की 44 साल है। फूलपुर से भाजपा के प्रवीण पटेल व आजमगढ़ से सपा से जीते धर्मेन्द्र यादव की उम्र 45 साल है। 17 वीं लोकसभा में सबसे उम्रदराज सांसद संभल से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क थे। अभी कुछ समय पहले उनका निधन हो गया था। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कम से कम 25 साल उम्र होना जरूरी है।

## दैनिक जागरण

# आइएनडीआइए ने खुला रखा सरकार बनाने का विकल्प

### विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा सही समय पर उठाएंगे उचित कदम

नई दिल्ली में बुधवार को आइएनडीआइए के नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से वार्ता करते मल्लिकार्जुन खरगे ● रायटर

संजय मिश्र ● जागरण

- प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की राजनीतिक ही नहीं, नैतिक हार भी
- गठबंधन की नजरें अब भी राजग में शामिल नीतीश व चंद्रबाबू पर

> यह संविधान की रक्षा और मोदी सरकार की महंगाई, बेरोजगारी व मित्र पूंजीवाद के विरुद्ध जनादेश है। आइएनडीआइए भाजपा के फासीवादी शासन के विरुद्ध लड़ाई जारी रखेगा। हम भाजपा सरकार द्वारा शासित न होने की जनता की इच्छा को पूरा करने के लिए उचित समय पर सही कदम उठाएंगे। – **मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजों को भाजपा और पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जनादेश बताते हुए विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने केंद्र में सरकार बनाने के विकल्पों को खुला रखने के अपने इरादे साफ कर दिए हैं। चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बुधवार शाम हुई पहली बैठक में एक सुर से एलान करते हुए कहा गया कि नतीजे पीएम मोदी और भाजपा की राजनीतिक ही नहीं बल्कि नैतिक हार भी है। देश की जनता की इच्छा है कि भाजपा सरकार शासन में न आए और लोगों की इस आकांक्षा को देखते हुए सही समय पर उचित कदम उठाए जाएंगे।

दो घंटे तक चली बैठक में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के 'फासीवादी शासन' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने का अपना संकल्प भी आइएनडीआइए ने दोहराया। एनडीए के पक्ष में फिलहाल बहुमत का आंकड़ा स्पष्ट होने के बाद भी विपक्षी दलों की केंद्र में सरकार बनाने के विकल्प को खुला रखने की घोषणा से साफ है कि आइएनडीआइए की निगाहें अब भी जदयू और तेलगु देशम पार्टी के सियासी कदमों पर टिकी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आइएनडीआइए के दलों की दो घंटे से अधिक चली बैठक के बाद शीर्षस्थ विपक्षी नेताओं के साथ बाहर आकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आइएनडीआइए के दलों को चुनाव में मिले भारी समर्थन के लिए हम जनता का आभार जताते हैं। इस बैठक में चुनाव नतीजे और राजनीतिक परिस्थितियों की समीक्षा की गई। खरगे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं की ओर से जारी संयुक्त बयान को पढ़ते हुए कहा, 'आइएनडीआइए के घटक दलों को मिले भारी समर्थन के लिए देश की जनता का आभार व्यक्त करते हैं। जनादेश ने भाजपा व उसकी नफरत, भ्रष्टाचार और विभाजन की राजनीति को करारा जवाब दिया है। यह मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार है।'

भाजपा के केवल 240 सीट का आंकड़ा पाने और बहुमत से पीछे रह जाने के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन मोदी को राजग सरकार का नेतृत्व करने की आसान राह नहीं देना चाहता और इस बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार व तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के साथ सहयोग की संभावनाओं को टटोलने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि हकीकत यह भी है कि जदयू और तेदेपा दोनों दलों ने राजग की प्रधानमंत्री निवास पर हुई बैठक में शामिल होकर फिलहाल राजनीतिक उथल-पुथल की किसी संभावना को खारिज कर दिया।

खरगे के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव, शरद पवार, तेजस्वी यादव, एमके स्टालिन, अभिषेक बनर्जी, संजय राउत, उमर अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी, डी. राजा, संजय सिंह, चंपई सोरेन व कल्पना सोरेन सहित तमाम सहयोगी दलों के नेता शामिल हुए।

## दैनिक जागरण

# इस बार यूपी में काम न आईं बाहुबलियों से गलबहियां

- न फैजाबाद के मतदाताओं ने स्वीकारा न जौनपुर के
- प्रदेश के लिए अच्छा संकेत है राजनीति में घटता दखल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** एक समय था जबकि अपराधी प्रदेश की राजनीति में सीधा दखल रखते थे और खुद भी सांसद-विधायक चुने जाते थे, लेकिन इस बार मतदाताओं ने उनके प्रभुत्व को भी नकार दिया है। इस लोकसभा चुनाव में पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक बाहुबली चुनाव लड़ते तो न दिखे, हां जौनपुर और फैजाबाद में उनकी सक्रियता जरूर रही, लेकिन वे भाजपा उम्मीदवारों को जीत न दिला सके।



राजनीतिक दलों के लिए भले ही बाहुबलियों की अपनी उपयोगिता हो पर, मतदाता उन्हें नकारने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों व नतीजे पर नजर डालें तो इसके साफ संकेत मिलते हैं। फैजाबाद की गोसाईंगंज सीट से सपा के बाहुबली विधायक अभय सिंह राज्यसभा चुनाव के दौरान बागी हो गए थे। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के बाद वह खुलकर भगवा खेमे में खड़े हुए थे। लोकसभा चुनाव के दौरान ही उनके पिता व पत्नी भी भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि अभय सिंह फैजाबाद सीट से चुनाव मैदान में उतरे लल्लू सिंह के लिए मददगार साबित होंगे पर ऐसा हुआ नहीं। लल्लू सिंह को हार का सामना करना पड़ा।

जौनपुर में कृपा शंकर सिंह की राह आसान करने के लिए भाजपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपने साथ जोड़ा। 2009 लोकसभा चुनाव में जौनपुर सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करने वाले धनंजय सिंह ने इसके बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में किस्मत तो आजमाई पर कामयाब नहीं रहे। इस बार धनंजय सिंह ने अपनी पत्नी श्रीकला रेड्डी को जौनपुर सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। श्रीकला को बसपा से टिकट मिला, जो बाद में कट गया। इसके बाद धनंजय भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने उतरे पर अपना कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। पिछले चुनावों में माफिया बृजेश सिंह, पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पूर्व सांसद डीपी यादव, रिजवान जहीर, उदयभान करवरिया व अमरमणि त्रिपाठी समेत अन्य बाहुबलियों का दबदबा देखने को मिलता रहा है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ जो राजनीति के लिए अच्छा संकेत है।

दैनिक जागरण

# घट गए प्रतिद्वंद्वियों के छक्के छुड़ाने वाले

## प्रदेश की लगभग सभी सीटों पर दिखी सीधी लड़ाई, छह सीटों पर पांच हजार से भी कम रहा हार-जीत का अंतर

अजय जायसवाल ● जागरण

लखनऊः फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत खुद को खुशकिस्मत मान रहे होंगे कि अंत-पंत में मतदाताओं का फैसला उनके पक्ष में आया। राजपूत पिछले चुनाव में 2.21 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे लेकिन इस बार मतगणना के आखिरी चरण तक धड़कनें बढ़ी रहीं और वह मात्र 4,365 वोटों से जीत सके। लेकिन हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल इतने खुशकिस्मत नहीं रहे। पिछली बार 2.48 लाख वोटों से जीतने वाले चंदेल अबकी सिर्फ 2,629 वोटों की कमी से सांसद नहीं बन सके। फतेहपुर सीकरी सीट से पिछले चुनाव में 4.95 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज कराने वाले राजकुमार चाहर एक बार फिर सांसद तो चुन लिए गए लेकिन लीड मार्जन 90 प्रतिशत से भी अधिक घटकर 43,405 ही रह गया।

पिछले चुनाव में प्रतिद्वंद्वियों के छक्के छुड़ाने वालों में से ज्यादातर इस बार हारते-हारते जीते हैं। नतीजों से एक बात साफ है कि इस बार राज्य की लगभग सभी 80 सीटों पर सीधी लड़ाई रही। ज्यादातर सीटों पर एनडीए और आइएनडीआइए के बीच कांटे की टक्कर होने से हार-जीत में ज्यादा अंतर नहीं रहा। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार पांच हजार से कम मतों के अंतर से छह सीटों(हमीरपुर, फर्रुखाबाद, बांसगांव, सलेमपुर, फूलपुर व धौरहरा) पर सांसद चुने गए हैं जबकि पिछली बार ऐसी दो सीटें(मछलीशहर व मेरठ) थीं।

अगर पांच हजार से 50 हजार मतों के अंतर वाली सीटें देखी जाएं तो वह इस बार पहले से लगभग दो गुना हैं। पिछले चुनाव में 14 ऐसी सीटें थी जबकि इस बार 27 सीटों पर 50 हजार से कम मतों के अंतर से हार-जीत हुई है। 50 हजार से एक लाख तक के अंतर वाली सीटें भी 13 से बढ़कर 18 हो गईं हैं। इस बार 20 सीटें ऐसी रहीं जिस पर एक से दो लाख वोटों के अंतर से हार-जीत हुई है जबकि पिछली बार ऐसी सीटें 26 थीं। पिछली बार तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीते डा. महेश शर्मा के अलावा नरेन्द्र मोदी, रवि किशन, विजय दूबे, पंकज चौधरी, राजनाथ सिंह, अनुराग शर्मा, साक्षी महाराज एक बार फिर सांसद तो चुने गए हैं लेकिन इस बार सभी की जीत का अंतर घट ही गया है। तीन लाख से अधिक मतों से इस बार सांसद चुने जाने वालों में दूसरे नंबर पर रायबरेली से राहुल गांधी और तीसरे नंबर पर गाजियाबाद से अतुल गर्ग हैं। राहुल की लीड 3.90 लाख और अतुल की 3.36 लाख रही है। मोदी पिछले चुनाव में 4.79 लाख मतों के अंतर से जीते थे जबकि इस बार 1.52 लाख की लीड लेकर ही जीते हैं।



### हार-जीत का अंतर

| मतों का अंतर | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| 0000-5000 | 02 | 06 |
| 5001-50,000 | 14 | 27 |
| 50,001-1,00,000 | 13 | 18 |
| 1,00,001-2,00,000 | 26 | 20 |
| 2,00,001-5,00,000 | 24 | 08 |
| 5,00,000 से अधिक | 01 | 01 |

**03** सांसद जीते तीन लाख से ज्यादा मतों से, पिछली बार थे 10

**50** हजार से कम वोटों के अंतर से 33 सीटों पर रही हार-जीत, पहले थी 16

**01** लाख से कम मतों के अंतर से 16 सीटें हारी समाजवादी पार्टी

### पांच लाख से अधिक मतों से जीतने वाले अकेले सांसद

इसी तरह पिछले चुनाव में दो लाख से पांच लाख मतों के अंतर से प्रतिद्वंद्वियों के छक्के छुड़ाने वाले घटकर एक तिहाई ही रह गए हैं। पिछली बार ऐसे 24 सांसद थे लेकिन इस बार आठ ही हैं। पांच लाख से अधिक रिकार्ड मतों के अंतर से पिछली बार गाजियाबाद सीट से वीके सिंह सांसद चुने गए थे। इस बार भी गौतमबुद्धनगर से डा. महेश शर्मा ही पांच लाख से अधिक मतों से जीत सके हैं।

डा. महेश शर्मा

### भाजपा 28 सीटों पर एक लाख से कम मतों के अंतर से हारी

सत्ताधारी भाजपा को जिन 42 सीटों पर इस बार हार का सामना करना पड़ा है उनमें 28 सीटें ऐसी हैं जिन पर वह एक लाख से कम मतों के अंतर से हारी है। 11 सीटें ऐसी हैं जिन पर एक से दो लाख वोटों से भाजपा हारी है। दो सीटों पर दो से तीन लाख जबकि रायबरेली सीट पर उसे 3.90 मतों से कांग्रेस ने हराया है।

### जितने से हारे-जीते उससे ज्यादा नोटा को वोट

जिन छह सीटों पर पांच हजार से ज्यादा मतों के अंतर से प्रत्याशियों के बीच हार-जीत हुई है उनमें से सभी सीटों पर उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है। मसलन, जिस हमीरपुर सीट को भाजपा ने 2,629 मतों के अंतर से गंवा दिया है उस पर 13,453 ने नोटा का बटन दबाया है। इसी तरह फर्रुखाबाद सीट पर हार-जीत तो 2,678 मतों से हुई है लेकिन नोटा दबाने वाले इससे कहीं अधिक 4,365 रहे। बांसगांव सीट पर नोटा वोट 9,021 रहा जबकि कांग्रेस 3,150 वोटों से हार गई। इसी तरह सलेमपुर सीट पर नोटा वोट 7,549 पड़ा जबकि भाजपा 3,573 मतों से हार गई। जिस फूलपुर सीट पर सपा 4,332 वोटों से हारी उस पर नोटा बटन दबाने वाले 5,460 थे। भाजपा ने इस बार 4,449 मतों से जिस धौरहरा सीट को गंवाया उस पर भी नोटा बटन दबाने वाले इससे कहीं अधिक 7144 थे। उल्लेखनीय है कि इस बार 6,34,971 लोगों ने नोटा का बटन दबाया है। सर्वाधिक 19,032 नोटा वोट राबर्ट्सगंज सीट पर पड़े हैं।

## दैनिक जागरण

# पश्चिम से पूरब तक हर जगह दरका एनडीए का किला

आनंद मिश्र ● जागरण

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी बनाम दो लड़कों की जोड़ी (राहुल-अखिलेश) के बीच हुए सीधे मुकाबले में भाजपा के तीखे अस्त्र-शस्त्र बेअसर साबित हुए। चुनाव परिणामों ने तमाम राजनीतिक पंडितों के गुणा-गणित को खारिज करते हुए भाजपा को बड़ा झटका दिया है। यूपी में पश्चिम से पूर्वांचल तक हर जगह भाजपा का किला दरका और उसे बीते चुनाव के मुकाबले 28 सीटों का सीधा नुकसान उठाना पड़ा। मोदी-योगी के गढ़ में ही भाजपा की सीटों की संख्या घटकर आधी रह गई है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत का अंतर बीते चुनाव के सापेक्ष एक तिहाई में सिमट गया और उनके 11 में से सात केंद्रीय मंत्रियों को भी जनता ने खारिज कर दिया।

- मोदी-योगी के गढ़ पूर्वांचल में ही भाजपा को लगा बड़ा झटका
- एनडीए की रणनीति नहीं हुई सफल, दो लड़कों की जोड़ी हिट

**28 सीटों का सीधा नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा बीते चुनाव के मुकाबले**

उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी के नेतृत्व में भाजपा ने चरणवार मुद्दे बदले और रणनीति भी, लेकिन अवध, बुंदेलखंड, रुहेलखंड से लेकर ब्रज तक कहीं भी भाजपा का दांव काम नहीं आया। सनातन धर्म, मंगलसूत्र, राम मंदिर के साथ ही ध्रुवीकरण की कोशिशें भी हुईं, लेकिन मतदाताओं का वास्तविक मिजाज भांपने में पार्टी कामयाब नहीं हुई। वहीं, सपा का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला, संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने का दांव अपेक्षाकृत असरदार दिखा। बेरोजगारी, अग्निवीर और पेपर लीक जैसे संवेदनशील विषयों को उठाकर सपा-कांग्रेस ने युवाओं को झकझोरा, जिसका नतीजा 2019 के मुकाबले हर चरण में भाजपा की सीटों की संख्या में गिरावट के रूप में सामने आया।

पिछले चुनाव में सहयोगी अपना दल (एस) के साथ 64 सीटों पर जीत दर्ज कराने वाली एनडीए महज 36 सीटों पर सिमट कर रह गई। वोट प्रतिशत में भी करीब आठ प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। अवध क्षेत्र की 20 लोकसभा सीटों पर पिछले चुनाव में जीत दर्ज कराने वाली भाजपा को इस बार 11 सीटों का नुकसान हुआ और उसकी संख्या घटकर नौ रह गई।

वहीं, पश्चिम में 10 सीटों में सिर्फ चार सीटों पर कमल खिला। 2019 में रुहेलखंड की 11 में से आठ सीटें पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी, इस बार पांच तक ही सीमित रही। बुंदेलखंड में भी पांच में से तीन सीटें भाजपा ने गंवा दीं। प्रत्याशियों से जनता की नाराजगी और स्थानीय मुद्दे इसकी बड़ी वजह बताए जा रहे हैं। वहीं, ब्रज में आठ सीटों में से सात पर पिछले चुनाव में जीत दर्ज करने वाली भाजपा को इस बार दो सीटों का नुकसान हुआ।

मोदी-योगी के गढ़ कहे जाने वाले पूर्वांचल में तो पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्वांचल में छठे व सातवें चरण में 27 सीटों पर चुनाव हुए। 2019 के चुनाव में भाजपा व उसकी सहयोगी अपना दल ने यहां 20 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार यह आंकड़ा घटकर आधा रह गया है। सीटों के लिहाज दूसरा चरण ही भाजपा के लिए बेहतर रहा। जिसमें पार्टी ने सभी आठ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि अंतिम तीन चरणों के चुनाव में जनता की उम्मीदों पर भाजपा प्रत्याशी उतने खरे नहीं उतरे। मोदी-योगी का जादू उम्मीदवारों की नैया पार नहीं लगा सका।

**उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के चरणवार नतीजे**

| चरण | पहला | | दूसरा | | तीसरा | | चौथा | | पांचवां | | छठा | | सातवां | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पार्टी / वर्ष | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 | 2019 | 2024 |
| भाजपा+ | 03 | 02 | 07 | 08 | 08 | 04 | 13 | 08 | 13 | 04 | 09 | 03 | 11 | 07 |
| सपा | 02 | 04 | 00 | 00 | 02 | 06 | 00 | 04 | 00 | 07 | 01 | 10 | 00 | 06 |
| बसपा | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 | 00 | 02 | 00 |
| कांग्रेस | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 |

नोट : पहले चरण की नगीना लोकसभा सीट से आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर आजाद ने जीत दर्ज की है।

# अकारण नहीं अयोध्या की यह नाराजगी

रमाशरण अवस्थी ● जागरण

**अयोध्या:** रामनगरी अयोध्या के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की पराजय हाहाकारी सिद्ध हो रही है। विपक्ष राम मंदिर मुद्दे को निष्फल बता रहा है तो तमाम लोग अयोध्यावासियों को लेकर इंटरनेट मीडिया पर तरह-तरह के कटाक्ष कर रहे हैं। इन सबके बीच अयोध्या की व्यथा किसी ने नहीं समझी। आज जनादेश के पीछे अयोध्या की जो असहमति और पीड़ा व्यक्त हो रही है, वैसी पीड़ा और असहमति से अयोध्या राम मंदिर का निर्णय आने के बाद से ही गुजरने लगी थी। चाहे वह राम मंदिर रहा हो या उससे पूर्व भव्य उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला दीपोत्सव। इसे वैश्विक महत्व का बनाने के प्रयास में अयोध्या की अनदेखी होने लगी। आए दिन अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन और मार्गों पर रोक-टोक से अयोध्या के लोग अपने ही नगर में बेगाने सिद्ध होने लगे। रही-सही कसर विकास के नाम पर व्यापक तोड़-फोड़ से हुई। तोड़-फोड़ से नागरिकों एवं व्यापारियों को विस्थापन का सामना करना पड़ा।

अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण के क्रम में विकास कार्यों को नई ऊंचाई मिली। इसके कारण हुई भवनों की तोड़फोड़ के अवशेष यहां अब भी दिख जाते हैं ● पीटी

- मंदिर के उत्साह में स्थानीय जनाक्रोश को समझ ही नहीं पाई भाजपा
- भाजपा पर भारी पड़ा लल्लू सिंह का संविधान बदलने का बयान

### नहीं दिखाया मतदान में उत्साह

रामनगरी वाले अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को सर्वाधिक उम्मीद थी, लेकिन वहां के लोगों ने मतदान के प्रति उत्साह नहीं दिखाया। वहां भाजपा सभी चुनावों में निर्णायक बढ़त हासिल करती थी, लेकिन इस बार उसकी बढ़त 4500 मतों तक ही रही। भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को सपा के अवधेश प्रसाद से 54 हजार 567 मतों से हार का सामना करना पड़ा।

### भाजपा प्रत्याशी के प्रसारित वीडियो ने भी दिया हथियार

रामनगरी में भाजपा की संभावनाएं सीमित करने में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के बयान ने भी बड़ी भूमिका निभायी। उनके इस वक्तव्य के प्रसारित वीडियो ने विपक्ष को भाजपा पर हमला करने का बड़ा हथियार दे दिया। वीडियो तब रिकार्ड किया गया, जब भाजपा प्रत्याशी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कह रहे हैं कि संविधान में बदलाव के लिए 400 से अधिक सीटों की जरूरत है और इसीलिए आप सबको समर्पित होकर चुनाव में काम करना है।

इसके एवज में उन्हें मुआवजा तो नाममात्र का मिला, इसके बाद जब पुनर्वास के लिए सरकारी बिजनेस कांप्लेक्स में दुकान आवंटित कराने गए, तो उन्हें 20 से 30 गुना तक की कीमत चुकानी पड़ी।

**विशेषाधिकार की अपेक्षा थी :** जो राम और राम मंदिर संपूर्ण अयोध्या की थाती है, वहां जाने के भी लिए स्थानीय धर्माचार्यों एवं नागरिकों को किसी विशेषाधिकार की अपेक्षा थी, किंतु तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस बारे में किसी तरह का विचार करने की जरूरत नहीं समझी। या तो वह लाइन लगा कर अति सामान्य श्रद्धालु की तरह राम मंदिर का दर्शन करें या विशेष पास के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से लेकर संघ और विहिप के किसी प्रभावी पदाधिकारी की चिरौरी करें। इन असहमतियों के अतिरिक्त भाजपा के तरकश के तीर भी जंग खाने लगे थे। जिन कार्यकर्ताओं के बूते ऐसे मोर्चे जीते जाते हैं, उनकी अवमानना आए दिन की बात थी। सत्ता मद में चूर प्रतिनिधियों के पास जनता की समस्या सुनने की बात दूर कार्यकर्ताओं की भी हमदर्दी हासिल करने की फुर्सत नहीं बची थी। ऐसा ही एक वाकया तब सामने आया, जब भाजपा के स्थापित पदाधिकारी को बैठक में जिलाधिकारी की घुड़की का सामना करना पड़ा और प्रतिकार में किसी ने चूं तक नहीं की जबकि इस बैठक में तत्कालीन प्रभारी मंत्री नीलकंठ तिवारी, सांसद, विधायक और भाजपा के अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**बेलगाम अफसरशाही :** भाजपा को पिछले पांच पर ढकेलने में बेलगाम अफसरशाही को भी याद किया जाएगा। गत कुछ वर्षों के दौरान जन प्रतिनिधियों के मुकाबले कुछ प्रमुख पदों पर बैठे अधिकारियों की ही चली और यह स्थिति जन सामान्य से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तक को हताश करने वाली रही। ऐसी हताशा, विसंगतियों और उपेक्षा के चलते घात करने का आरोप भाजपा के बहाने रामनगरी पर एक और आघात से कम नहीं है। यह सही है कि मंदिर निर्माण के साथ ही रामनगरी का सुंदरीकरण किया गया। दौर इतना रम्य, महनीय व सांस्कृतिक-आध्यात्मिक महत्व का था कि लोग बरबस यह कहने लगे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रामराज्य आ गया। यद्यपि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चार माह से कुछ पहले ही जब लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की निर्णायक बेला आई, तब तक अति विभोर करने वाला यह उत्साह कहीं पीछे छूट गया था और भगवा दुर्ग दरक गया।

## दैनिक जागरण

# चार तक प्रत्याशियों को देना होगा खर्च का ब्योरा

जासं • लखनऊ : मतों की गिनती और नतीजों के आने के साथ ही लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया खत्म होने को है। प्रशासन ने सभी प्रत्याशियों को चार जुलाई तक चुनावी खर्च का ब्योरा देने को कहा है। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के प्रत्याशियों ने अब तक अपने चुनाव खर्च का हिसाब किताब पर्यवेक्षकों को नहीं दिया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर गत नामांकन से लेकर मतदान की तिथि तक तीन तारीखों में खर्च का ब्योरा मांगा था। आयोग ने चुनाव प्रचार में इस्तेमाल की जाने वाली प्रत्येक चीज की दर तय कर रखी है। आयोग द्वारा तय की गई दर के हिसाब से ही प्रत्याशी खर्च कर सकता था। सभी तरह के लेनदेन केवल बैंक से ही मान्य होंगे। अगर प्रत्याशी खर्च का ब्योरा नहीं देते हैं तो आयोग कार्रवाई कर सकता है।

## दैनिक जागरण

# गठबंधन सरकार

**नरेन्द्र मोदी** के नेतृत्व में नई सरकार के गठन की तैयारी यही बता रही है कि गठबंधन सरकार आकार लेने जा रही है। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। चूंकि भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। गठबंधन सरकार का संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल की परीक्षा लेगा। इस परीक्षा में उन्हें खरा उतरना चाहिए, क्योंकि उनके पास चुनौतियों के बीच देश की समस्याओं का समाधान करने की एक राजनीतिक दृष्टि है। गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं।

अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। इसी के चलते एक बार उन्हें यह कहना पड़ा था कि गठबंधन सरकार की अपनी कुछ मजबूरियां होती हैं। भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ-साथ समाज और देश के हित में यही है कि नई गठबंधन सरकार को सहयोगी दलों के अनुचित राजनीतिक दबाव का सामना न करना पड़े। वैसे तो राजग के प्रमुख घटक जनता दल-यू और तेलुगु देसम पार्टी पहले भी मोदी सरकार के साथ रह चुकी हैं, लेकिन तब भाजपा के पास पूर्ण बहुमत था। आशा की जाती है कि उन खबरों में कोई सच्चाई नहीं होगी, जिनके तहत यह कहा जा रहा है कि सहयोगी दल अमुक-अमुक मांग रख रहे हैं। निःसंदेह यह समझ आता है कि घटक दल अपने राज्य के राजनीतिक एवं आर्थिक हितों की चिंता करें, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें राष्ट्रीय हितों को ओझल नहीं करना चाहिए। यह उन्हें भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गठबंधन सरकार सुगम तरीके से चले। इसके लिए आवश्यक हो तो राजग के संयोजक की भी नियुक्ति की जानी चाहिए।

## दैनिक जागरण

# जनता का संदेश

**उत्तर प्रदेश** में लोकसभा की 80 संसदीय सीटों के परिणाम आ चुके हैं और लोग इसकी अपने अपने स्तर पर व्याख्या भी कर रहे हैं लेकिन मतदाताओं ने एक संदेश तो स्पष्ट दिया है कि वे जनप्रतिनिधि से अपने क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा रखते हैं। ऐसा न करने वालों को वह मताधिकार से खारिज करेंगे और उन्होंने किया भी। चुनाव के दौरान ही कई क्षेत्रों में मतदाताओं ने मुखर होकर सांसदों की आलोचना सिर्फ इस बात के लिए की थी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। विशेष तौर पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों से लोगों की उम्मीदें अधिक थीं लेकिन उन्होंने निराश किया। भाजपा व सहयोगी दलों के 26 सांसदों को जनता ने नकारा है जो एक तरह चुने गए सांसदों के लिए एक संदेश है कि कम से कम वे उदासीन और निष्क्रिय न रहे। सांसदों को भी जनभावनाओं को समझना होगा और इसी के अनुरूप आगे की कार्ययोजना भी बनानी होगी। यदि सरकार में उनकी बात नहीं सुनी जाती तो कम से कम वे संघर्ष करते तो नजर आएं।

उत्तर प्रदेश के चुनाव में मतदाताओं ने यह संदेश दिया है कि उन्हें ऐसे जनप्रतिनिधि की जरूरत है जो उनके बीच रहे और उनकी समस्याओं को समझे।

आज का मतदाता जागरूक है और अपने भले की बात जरूर सोचता है। जातियों जैसी बीमारियां भले ही इस समय भी चुनाव के दौरान सिर चढ़कर बोलती हैं लेकिन उसका आक्रोश स्थानीय समस्याओं की अनदेखी पर मुखर होता है और जब भी मताधिकार का अवसर आता है तो वह उम्मीदवारों का मूल्यांकन भी इसी आधार पर करता है। इसलिए सांसदों का यह दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र के लोगों के संपर्क में रहें, उनसे बातचीत कर समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए सरकार के स्तर पर कोशिशें करें। बहुत सी समस्याओं का समाधान तो सांसद निधि से ही हो सकता है। इस बात का प्रयास करें कि सांसद निधि बिचौलियों के हाथ न लगने पाए, जनता के हित में खर्च हो।

## हिन्दुस्तान

जीत का अंतर कम होने की वजह तलाशने के लिए कार्यकर्ताओं से होगी रायशुमारी

# लखनऊ में 2.75%, मोहनलालगंज में 6.2% वोटों ने किया बड़ा उलटफेर

**सियासी गणित**

■ विनोट पांडेय

लखनऊ। लखनऊ संसदीय क्षेत्र की बात करें तो 2019 में 54.72 और 2024 में 52.28 फीसदी मतदान हुआ। 2019 में भाजपा को 633026 मिले। कुल मतदान में हिस्सेदारी 56.64 फीसदी थी। 2024 में मतदान कम हुआ तो वोटों की हिस्सेदारी कम हो गई। इस बार राजनाथ सिंह को 612709 मत मिले। कुल मतदान में हिस्सेदारी 53.89 फीसदी रही। पिछले चुनाव के मुकाबले 20317 वोट कम मिले। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 2.75 फीसदी कम है। लखनऊ में राजनाथ सिंह को बहुत कम वोट नहीं मिला लेकिन विरोधी दलों के वोटों का बंटवारा नहीं हुआ। यही वजह रही कि जीत का अंतर कम हो गया।

**मोहनलालगंज में 6.2 फीसदी कम वोट मिले:** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की स्थिति इससे उलट है। 2019 के चुनाव में यहां कम मतदान हुआ था तो भाजपा को 49.58 फीसदी वोट मिले थे। इस बार यहां ज्यादा मतदान हुआ तो 43.38 फीसदी वोट मिले। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 6.2 फीसदी कम है। पिछले चुनाव में कौशल किशोर को 629999 तथा इस चुनाव में 597577 वोट मिले। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 32422 वोट कम है। कुल पड़े वोट के हिसाब से देखें तो यहां भाजपा की हिस्सेदारी कम हुई है। उधर, सपा ने क्लीनस्वीप कर दिया। आरके चौधरी 667869 वोट बटोरने में कामयाब हो गए। यह कुल मतदान का 48.49 फीसदी है। कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच 5.11 फीसदी वोटों का अंतर है। कुल पड़े मतों के मुकाबले 6 फीसदी कम वोट ने बड़ा उलटफेर कर दिया।

| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 633026 | 561106 |
| सपा | 285724 | 56771 |
| कांग्रेस | 180011 | 288357 |
| नोटा | 7416 | |
| बसपा | | 64494 |

**2024**

| 612709 | 477550 | 30192 |
|---|---|---|
| सपा | भाजपा | बसपा |

**भाजपा खेमे में वोट खिसकने की पड़ताल शुरू**

लखनऊ। लखनऊ की दोनों संसदीय सीटों में अपेक्षित वोट न मिलने से भाजपा संगठन में बेचैनी है। पता लगाने की कोशिश हो रही है कि ऐसा कैसे हो गया। कहां चूके और कहां कमियां रह गईं।

जनता के बीच सबसे अधिक रहने वाले कार्यकर्ता चुनावी माहौल भांपने में कैसे नाकामयाब रहे। हालांकि संगठन के लोग दलील दे रहे हैं कि वोट कम नहीं मिला। पिछले चुनाव से इस बार करीब दो फीसदी कम मतदान हुआ तो वोट शेयर भी कम ही गया। भाजपा संगठन के लोगों की दलील है कि पार्टी का वोटबैंक कम नहीं हुआ। पिछले चुनाव में जितना वोट मिला था, लगभग उतने मत इस चुनाव में भी मिले। यह जरूर मानते हैं कि वोट बढ़ा नहीं पाए। यह उम्मीद नहीं थी कि जहां थे वहीं रह जाएंगे। यह भी दलील दी जा रही है कि कार्यकर्ता अति उत्साह में रहे। यह पता लगाने में कामयाब नहीं हुए कि निचले स्तर पर क्या चल रहा है। भाजपा के कई नेताओं का कहना है कि इस बात की भी पड़ताल होगी कि हम नए मतदाता जोड़ नहीं पाए या पुराने मतदाता हमसे अलग हो गए। इनमें से कोई न कोई वजह निकलकर आएगी।

**विरोधी दलों के वोटों का बंटवारा रुका**

दलील है कि विपक्षी दलों के वोटों का बंटवारा नहीं हुआ। इसके चलते जितनी उम्मीद थी, उतना वोट नहीं मिला। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि राजनाथ ने लखनऊ में बड़े-बड़े कार्य कराए। व्यक्तिगत सुविधाओं पर हम ध्यान नहीं दे पाए। सड़क बन गई तो सबके काम आएगी लेकिन आयुष्मान कार्ड जिसका बन गया वह तो हमेशा इस्तेमाल करेगा। कुछ दलील दे रहे हैं कि सरकारी सुविधाएं दूसरे लोग उठा ले गए और अपने लोगों को नहीं मिलीं।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## हिन्दुस्तान

# सभी 543 संसदीय सीटों के अंतिम परिणाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्र के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिए। इसमें भाजपा को 240 और कांग्रेस को 99 सीट पर विजयी घोषित किया गया है।

अंतिम परिणाम महाराष्ट्र के बीड निर्वाचन क्षेत्र का घोषित किया गया। इस सीट पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार बजरंग मनोहर सोनवणे 6,553 मतों से जीते लोकसभा में 543 सदस्य हैं, लेकिन सूरत से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद 542 सीट के लिए मतगणना हुई।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा | 240 | इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग | 3 | केरल कांग्रेस | 1 |
| कांग्रेस | 99 | आम आदमी पार्टी (आप) | 3 | रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी | 1 |
| समाजवादी पार्टी (सपा) | 37 | झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) | 3 | राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) | 1 |
| तृणमूल कांग्रेस | 29 | जनसेना पार्टी | 2 | वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी | 1 |
| द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) | 22 | भाकपा (माले) (लिबरेशन) | 2 | जोरम पीपुल्स मूवमेंट | 1 |
| तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) | 16 | जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) | 2 | शिरोमणि अकाली दल | 1 |
| जनता दल यूनाइटेड (जदयू) | 12 | विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) | 2 | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी | 1 |
| शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे | 9 | भाकपा | 2 | भारत आदिवासी पार्टी | 1 |
| राकांपा (शरदचंद्र पवार) | 8 | राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) | 2 | सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा | 1 |
| शिवसेना | 7 | नेशनल कॉन्फ्रेंस | 2 | मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | 1 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (आर) | 5 | यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल | 1 | आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) | 1 |
| युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) | 4 | असम गण परिषद | 1 | अपना दल (सोनेलाल) | 1 |
| राष्ट्रीय जनता दल (राजद) | 4 | हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) | 1 | आजसू पार्टी | 1 |
| माकपा | 4 | | | एआईएमआईएम | 1 |
| | | | | निर्दलीय | 7 |

हिन्दुस्तान

# पश्चिम-उत्तर विधानसभा में एक तरफा डाले गए वोट

लखनऊ। लखनऊ पश्चिम और लखनऊ उत्तर विधानसभा सीट के कई इलाकों में एनडीए या इंडिया प्रत्याशी को एकतरफा वोट मिले। बड़ी वजह विश्लेषक ध्रुवीकरण को मान रहे हैं। लखनऊ पश्चिम विधान सभा के आजादनगर बूथ संख्या 131 से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को मात्र 20 वोट मिले, इसी बूथ पर सपा के रविदास ने 732 वोट हासिल किए।

भमरौली शाहपुर बूथ संख्या 27 से भाजपा को 494, सपा को 72 वोट मिले। आसपास के मोहल्लों में कितना अंतर रहा, इसका उदाहरण है कि बादशाहखेड़ा के बूथ संख्या 104 पर भाजपा को 150, सपा को 452 वोट मिले। बूथ संख्या 105 पर इसके उलट भाजपा को 456 तो सपा को 90 वोट मिले। गढ़ीपीर खां बूथ संख्या 212 पर भाजपा को 78 वोट मिले तो इसी बूथ पर सपा को 656 वोट दिए गए।

**20** वोट आजादनगर में राजनाथ तो रविदास को 732 वोट मिले

## काजमैन, चौक समेत कई क्षेत्रों में बड़ा अंतर

उत्तर विधानसभा के कुछ मोहल्ले ऐसे रहे, जहां एक घटरी ने सपा तो दूसरी ने एकतरफा भाजपा को वोट दिया। कहीं एक ही गली में सड़क के इस पार, उस पार के रहने वालों ने एक तरफा वोट दिया।

हिन्दुस्तान

# चुनाव ड्यूटी के लिए ऑनलाइन भुगतान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के प्रयासों से 18वीं लोकसभा, विधानसभा उप चुनाव में लगे प्रदेश भर के सभी निर्वाचन कार्मिकों को पहली बार पारिश्रमिक की राशि सीधे बैंक खातों में ई-पेमेन्ट के माध्यम से भेजी गई है। इससे पूर्व यह राशि नकद रुप से दी जाती थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने यह जानकारी दी।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## नवभारत टाइम्स

# मोदी सरकार 8 या 9 को ले सकती है शपथ

## NDA के घटक दलों ने बैठक में एकमत से नरेंद्र मोदी को चुना नेता



PTI

**हम साथ-साथ हैं...**

प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार को हुई NDA की बैठक में TDP नेता चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू नेता और बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत सहयोगी दलों के 21 नेता शामिल हुए।

Poonam.Pandey@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: केंद्र में सरकार बनाने की कवायद में NDA के सहयोगी TDP और JDU को लेकर स्थिति बुधवार शाम लगभग साफ हो गई। बीजेपी की अगुआई वाले एनडीए की बैठक में इस गठबंधन के सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना। इससे लगातार तीसरी बार पीएम के रूप में देश की कमान संभालने की दिशा में मोदी ने एक कदम और बढ़ा दिया। सूत्रों के मुताबिक, 7 जून को NDA के सांसदों की बैठक होगी, जिसके बाद राष्ट्रपति के पास जाकर सरकार बनाने का दावा किया जाएगा। इसी वीकएंड में 8 या 9 जून को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

**भारत का गौरव बढ़ाने में मोदी की भूमिका को सराहा गया**

एनडीए में शामिल सभी सहयोगी दलों ने बैठक में मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया और कहा कि उनकी अगुआई में एनडीए सरकार गरीब, महिला, किसान, युवा, शोषित-वंचितों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पास किया गया, जिसमें कहा गया, 'बीते 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश हर क्षेत्र में विकसित हुआ है। छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं।' बैठक में TDP नेता चंद्र बाबू नायडू, जेडीयू नेता नीतीश कुमार समेत सहयोगी दलों के 21 नेता शामिल हुए।

### राष्ट्रपति ने भंग की 17वीं लोकसभा

- प्रधानमंत्री आवास पर बुधवार सुबह केंद्रीय कैबिनेट की बैठक भी हुई। इसमें मौजूदा 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कैबिनेट की सलाह पर लोकसभा भंग कर दी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जनादेश मिलने के बाद तीसरे कार्यकाल में भी सरकार पहले की तरह चलेगी।




## इस तस्वीर ने मचा दी सियासी हलचल...



PTI

- बिहार के सीएम व जेडीयू नेता नीतीश कुमार और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव बुधवार को एक ही फ्लाइट से पटना से दिल्ली पहुंचे। नीतीश NDA की बैठक में शिरकत करने आए तो तेजस्वी I.N.D.I.A. की मीटिंग में। चूंकि एनडीए सरकार बनने के लिए JDU जैसे सहयोगी अहम हैं। ऐसे में सियासी कयास लगाए जाने लगे।
- दिल्ली पहुंचने पर नीतीश ने कहा कि सरकार तो बनेगी ही। वहीं, तेजस्वी से जब पूछा गया कि क्या नीतीश को विपक्षी खेमे में लाने की कोशिश की गई तो उन्होंने जवाब दिया कि विमान में बातचीत शिष्टाचार तक सीमित थी...थोड़ा धैर्य रखिए। देखते रहिए आगे क्या होगा। वैसे सोशल मीडिया में दोनों की यह तस्वीर काफी वायरल हुई।

### फडणवीस ने कर दी पद छोड़ने की पेशकश

■ एनबीटी ब्यूरो, मुंबई: महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में बीजेपी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली और बुधवार को इस्तीफे की पेशकश की। फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में जो भी नुकसान हुआ, मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। इसलिए मैं शीर्ष नेतृत्व से आग्रह करता हूं कि मुझे मंत्री पद से मुक्त किया जाए...पार्टी के लिए काम करने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अपना समय देने को जरूरत है।' कांग्रेस ने इसे ड्रामा बताया। फडणवीस ने यह भी माना कि सीएम एकनाथ शिंदे से तालमेल को समस्याएं हैं।

## विपक्ष फिलहाल अभी सरकार बनाने की कोशिश में नहीं

**'जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ'**

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के यहां बुधवार शाम I.N.D.I.A. की बैठक हुई। खरगे ने कहा कि फासिस्ट ताकतों के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### खरगे ने कहा, सही समय पर सही कदम उठाएंगे



Agency

Alpyu.Singh@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ दिल्ली में सियासी हलचल भी तेज हो गई। जहां NDA की बैठक में एकमत से प्रस्ताव पास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुना गया। वहीं, विपक्षी खेमे I.N.D.I.A. के घटक दलों की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर हुई। करीब दो घंटे चली इस बैठक में फैसला लिया गया कि विपक्षी गठबंधन फिलहाल सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सभी सहयोगी दलों ने एक सुर में कहा है कि गठबंधन फिलहाल मोदी सरकार के 'फासिस्ट शासन' के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। जनता ने बेरोजगारी दूर करने, संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जनादेश दिया है। जनादेश पीएम मोदी के खिलाफ है, यह ना सिर्फ उनकी राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। चुनाव मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने बीजेपी को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। लेकिन इसके बावजूद भी मोदी जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे।

**'संविधान और लोकतंत्र बचाने का जनादेश'**

नतीजों के बाद से ही अटकले लगनी शुरू हो गई थीं कि विपक्षी गठबंधन भी सरकार बनाने की कोशिश करेगा। सहयोगी उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन को दावा सामने रखना चाहिए। चर्चा उठी कि एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार बिहार के सीएम नीतीश कुमार और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं। हालांकि शरद ने इससे इनकार किया।

### 'मुसलमानों को सोच समझ कर ही टिकट देंगे'



लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने पिछले विधानसभा चुनाव की तरह ही एक बार फिर मुस्लिम वोट न मिलने पर अफसोस जताया है। उन्होंने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पिछले चुनावों और इस बार भी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद वह बसपा को ठीक से समझ नहीं पा रहा। ऐसी स्थिति में आगे इनको काफी सोच-समझकर चुनाव में पार्टी मौका देगी, ताकि भविष्य में इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। (भाषा) ▸▸पेज 2

### ओडिशा के CM पद से पटनायक का इस्तीफा

नई दिल्ली: बीजू जनता दल (BJD) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने चुनाव में हार के बाद बुधवार को ओडिशा के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी पार्टी को 147 सीटों की विधानसभा में 51 सीटें मिली हैं। BJP 78 सीटें जीतकर पहली बार सरकार बनाने जा रही है। सीएम पद पर बीजेपी की तरफ से धर्मेंद्र प्रधान से लेकर वैजयंत पांडा तक, कई नाम चल रहे हैं। (भाषा)

## नवभारत टाइम्स

# यूपी के 16 मंत्रियों के क्षेत्र व सीट में पस्त हो गई भाजपा

Premshanker.Mishra@timesgroup.com

**सूर्य प्रताप शाही, राकेश सचान, जयवीर सिंह, असीम अरुण की विधानसभा में पिछड़ी भाजपा, केशव, एके शर्मा, स्वतंत्र देव, ओम प्रकाश, संजय निषाद अपने क्षेत्र में रहे बेअसर**

■ लखनऊ : खुद की पुख्ता जमीन व जनाधार का दावा करने वाले सरकार के कई चेहरे इस बार अपने विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा को बढ़त नहीं दिला पाए। सोशल इंजिनियरिंग के नाम पर पद पाकर कद हासिल करने वाले जातीय क्षत्रपों की जमीन भी खिसकती नजर आई है। इसके चलते भाजपा इन मंत्रियों के क्षेत्र वाली सीटें या तो हार गई या काफी संघर्ष के बाद उसे जीत मिली। देवरिया लोकसभा, जो भाजपा की गढ़ मानी जाती है, वहां नजदीकी लड़ाई में उसे जीत मिली। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में कांग्रेस आगे रही। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की भोगनीपुर विधानसभा जालौन का हिस्सा है। भाजपा भोगनीपुर में पिछड़ी और जालौन हार गई। मैनपुरी से चुनाव लड़ रहे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह अपनी मैनपुरी विधानसभा सीट में भी बढ़त हासिल नहीं कर सके। धर्मपाल सिंह के आंवला विस क्षेत्र में तो भाजपा को बढ़त मिली लेकिन लोकसभा क्षेत्र हार गई। मेरठ लोकसभा क्षेत्र नजदीकी लड़ाई में भाजपा जीती लेकिन मंत्री सोमेंद्र तोमर अपनी विस सीट मेरठ दक्षिण में बढ़त दिलाने में फेल हो गए। विस क्षेत्र चुनाव के पहले बीआरएस लेकर भाजपा में शामिल हुए पूर्व आईपीएस असीम अरुण को भाजपा ने दलित चेहरे के तौर पर पेश किया था। उनकी कन्नौज(एससी) सीट पर पार्टी पिछड़ गई। राज्यमंत्री अनुप वाल्मीकि हाथरस लोकसभा क्षेत्र से रेकॉर्ड वोटों से जीते लेकिन अलीगढ़ लोस सीट के तहत आने वाली उनकी खैर सीट पर भाजपा की 'खैर' नहीं रही। फैजाबाद लोस क्षेत्र की दरियाबाद विधानसभा में सपा आगे रही। यहां के विधायक सतीश शर्मा राज्यमंत्री हैं। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद अपने बेटे प्रवीण निषाद की संतकबीर नगर सीट बचाने में फेल रहे। सुलतानपुर तक में सपा का निषाद चेहरा जीता।

**मऊ, बलिया में मंत्रियों की जुटान पर जारी रही ढलान :** भाजपा ने मऊ और बलिया से ही चार नेताओं को मंत्री बनाया, जिसमें तीन को कैबिनेट का दर्जा मिला। लेकिन मंत्रियों की यह जुटान भाजपा की ढलान नहीं रोक पाई। पीएमओ से एके शर्मा को नगर विकास व ऊर्जा जैसे बड़े विभाग देकर जमीन पर पार्टी की ऊर्जा बढ़ाने के लिए भेजा गया था, लेकिन उनके गृहक्षेत्र मऊ में ही भाजपा का 'फ्यूज' उड़ गया। उपचुनाव में हार के बाद भी मंत्री बनाए गए दारा सिंह चौहान आम चुनाव में भी नतीजा बदलने के काम नहीं आए। बसपा ने चौहान बिरादरी के वोटों में सेंधमारी कर दी। अखिलेश यादव को सैफई तक सीमित करने का दावा करने वाले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर घोसी में बेटे को जिता तो नहीं सके लेकिन हार का अंतर जरूर बढ़ा दिया। बलिया की जिस जहूराबाद सीट से वह विधायक हैं, वहां भी सपा आगे रही। राजभर बहुल दूसरी सीटों पर भी भाजपा हारी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की बलिया सदर सीट से भाजपा को बढ़त जरूर मिली लेकिन इस बार सपा के वोट भी यहां लगभग दोगुने बढ़ गए। मुजफ्फरनगर में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल की सदर सीट पर भाजपा को महज 801 वोटों की बढ़त मिली। अमेठी में मयंकेश्वर शरण सिंह की तिलोई विस सीट में कांग्रेस भाजपा पर भारी रही। रायबरेली में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तो लड़ाई में टिक ही नहीं पाए। सीतापुर में धौरहरा लोस में सुरेश राही की हरगांव विस सीट में भी भाजपा पीछे रही, यहां पीएम की रैली भी परिणाम नहीं बदल सकी।

**सत्ता पर भारी रहे विपक्ष के ओबीसी चेहरे :** सामाजिक समीकरण के नाम पर सरकार में आगे किए चेहरे जमीन पर पार्टी की जीत को आगे बढ़ाने में फेल रहे। कुर्मी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा, पटेल आदि वोटरों के साधने के नाम पर कद व पद पाने वालों पर विपक्ष के चेहरे भारी रहे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गृहक्षेत्र कौशांबी में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। सिराथु विस क्षेत्र में भाजपा के पिछड़ने का क्रम जारी रहा। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की कर्मभूमि जालौन में भी कमल मुरझा गया। वह पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी हैं। कुर्मी-पटेल वोटों को राजनीति करने वाली अपना दल (एस) के कोटे से मंत्री बने आशीष पटेल भी सजातीय वोटों को भाजपा के पाले में नहीं ला सके। कुर्मी, मौर्य, कुशवाहा बहुल आंवला, खीरी, प्रतापगढ़, बांदा, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, फतेहपुर, एटा, हमीरपुर, बस्ती, जौनपुर जैसी सीटें सपा के खाते में गईं। केवल फूलपुर, बरेली व महराजगंज में ही भाजपा जीत पाई।

### इन मंत्रियों की विधानसभा सीट में हारी BJP

| मंत्री | विस क्षेत्र |
|---|---|
| सूर्य प्रताप शाही | पथरदेवा |
| राकेश सचान | भोगनीपुर |
| जयवीर सिंह | मैनपुरी |
| ओमप्रकाश राजभर | जहूराबाद |
| असीम अरुण | कन्नौज |
| मयंकेश्वर शरण | तिलोई |
| सोमेंद्र तोमर | मेरठ दक्षिण |
| सुरेश राही | हरगांव |
| अनूप वाल्मीकि | खैर |
| सतीश शर्मा | दरियाबाद |
| विजयलक्ष्मी गौतम | सलेमपुर |

### सपा के बागी नहीं बन सके यश के 'भागी'

राज्यसभा चुनाव में सपा से बागी होकर भाजपा के साथ आए विधायक अपने-अपने क्षेत्र में यश के भागी नहीं बन पाए। सपा विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह, पूजा पाल, विनोद चतुर्वेदी, आशुतोष मौर्य व राकेश पांडेय तकनीकी तौर पर सपा का हिस्सा हैं लेकिन चुनाव में भाजपा के लिए लगे रहे। हालांकि, जनता पर इनका असर नहीं रहा। बसपा से सांसद रहे रितेश पांडेय अंबेडकरनगर से भाजपा की किस्मत नहीं बदल सके। बलिया में वोटिंग के ठीक पहले भाजपाई हुए नारद राय वहां सपा के सनातन की राह नहीं रोक पाए।

## नवभारत टाइम्स

# राममय अवध में भाजपा को 20 में से केवल 8 सीटें मिलीं

Deep.Singh@timesgroup.com



**लखनऊ :** इसी साल लोकसभा चुनाव से पहले जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। पूरे अवध का माहौल राममय था। इसके बावजूद अवध क्षेत्र मे भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। नेताओं में आपसी तालमेल का अभाव और नेताओं की जनता से दूरी का नतीजा यह रहा कि वे जमीन नहीं भांप सके। यही वजह है कि अयोध्या और लखनऊ के आसपास अवध क्षेत्र की कुल 20 सीटों में से इस बार भाजपा आठ सीटों पर ही वापसी कर सकी है। पिछले चुनाव में इन सीटों में से 17 पर उसका कब्जा था।

अवध क्षेत्र काफी समय से भाजपा का गढ़ रहा है। यहां 2014 में भी भाजपा ने परचम फहराया था। भाजपा ने क्षेत्र की 20 सीटों में से 17 जीती थीं। प्रतापगढ़ की एक सीट उसके सहयोगी दल अपना दल ने जीती थी। इस तरह NDA ने 20 में से 18 सीटें अवध क्षेत्र में जीती थीं। देखा जाए तो कांग्रेस की परंपरागत दो सीटों को छोड़कर 2014 में भाजपा ने अपने कब्जे में ले ली थीं।

**...इसलिए अहम है ये हार :** अवध इसलिए भी अहम हो जाता है राम मंदिर प्रमुख रूप से इस क्षेत्र में मुद्दा रहा है। इस पर भाजपा की पूरी राजनीति केंद्रित रही है। इस क्षेत्र में राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, कौशल किशोर, अजय मिश्र टेनी जैसे चार केंद्रीय मंत्री चुनाव मैदान में थे। इसके अलावा प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद भी चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश मुख्यालय भी लखनऊ में है। कई बड़े पदाधिकारी भी इस क्षेत्र से हैं। इसके बावजूद इतना खराब प्रदर्शन कि वह 20 में से महज आठ सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी है।

### ये सीटें गंवाईं

अमेठी, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, धौरहरा, फैजाबाद, खीरी, मोहनलालगंज, प्रतापगढ़, रायबरेली, श्रावस्ती, सीतापुर, सुलतानपुर।

### ये सीटें बचाईं

कैसरगंज, उन्नाव, बहराइच, गोंडा, हरदोई, लखनऊ, मिश्रिख, पीलीभीत।

### क्या रहीं हार की वजहें

अवध क्षेत्र मे हार की कई वजहे है। सबसे अहम वजह यह मानी जा रही है कि नेताओं और संगठन में तालमेल का अभाव रहा। वही प्रत्याशियों का अपना व्यवहार और जमीन से दूरी भी प्रमुख वजह है। खीरी सीट पर अजय मिश्र टेनी प्रत्याशी थे। किसानो पर गाड़ी चढ़ाने के आरोप उनके बेटे पर लगे थे। माना जा रहा है कि किसान उनसे नाराज थे। उधर, भाजपा के सहयोगी अपना दल की प्रमुख अनुप्रिया पटेल और राजा भइया के बीच बयानबाजी का भी असर रहा। इससे प्रतापगढ़ सीट गंवानी पड़ी। अमेठी मे स्मृति इरानी, फैजाबाद में लल्लू सिंह, मोहनलालगंज मे कौशल किशोर सहित कई प्रत्याशियों से जनता की नाखुशी की भी चर्चा पहले से थी। इस ओर पार्टी के बड़े नेताओं ने ध्यान नहीं दिया।

## इस बार 74 महिला चुनी गईं, 2019 से कम

**भाषा, नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों में कुल 74 महिलाएं चुनी गईं जबकि 2019 के आम चुनाव में यह संख्या 78 थी। देश भर से निचले सदन के लिए चुनी गईं कुल महिला सांसदों में से पश्चिम बंगाल 11 महिलाओं के साथ सबसे आगे है। कुल 797 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें बीजेपी ने सबसे ज्यादा 69 को और कांग्रेस ने 41 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था। निर्वाचन आयोग के डेटा के मुताबिक, इस बार बीजेपी की 30 महिला उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव जीता, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, समाजवादी पार्टी की चार, डीएमके की 3 और जनता दल (यूनाइटेड) और एलजेपी (आर) की दो-दो महिला उम्मीदवार जीतीं। बीजेपी की हेमा मालिनी, टीएमसी की महुआ मोइत्रा, शरद पवार की एनसीपी की की सुप्रिया सुले और एसपी की डिंपल यादव ने अपनी सीटें बरकरार रखीं। कंगना रनौत और मीसा भारती जैसी उम्मीदवारों ने सबका ध्यान खींचा।

बिहार से जीतीं शांभवी चौधरी सबसे कम उम्र वाले सांसदों में से हैं।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## नवभारत टाइम्स

नगीना से धमाकेदार जीत के बाद चर्चा में आए आजाद समाज पार्टी के संस्थापक

# क्या यूपी में दलित राजनीति का नया चेहरा होंगे चंद्रशेखर?

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इस लोकसभा चुनाव के बाद बसपा अपने अब तक के सबसे खराब दौर में पहुंच गई है। उसके वोट दूसरी पार्टियों में शिफ्ट होने की चर्चा है। इसी के साथ एक नाम और चर्चा में आ गया है। वह नाम है आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद का। इसकी वजह है कि राष्ट्रीय पार्टी बसपा को जहां एक भी सीट नहीं मिली है, वहीं दलितों की ही राजनीति करने वाले चंद्रशेखर नगीना सीट से बड़े अंतर से चुनाव जीत गए हैं। अब चर्चा ये है कि क्या चंद्रशेखर आजाद यूपी की दलित सियासत का नया चेहरा बनकर उभर रहे हैं?

**अगला विधानसभा चुनाव है लक्ष्य**

अब इस लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से बड़े अंतर से जीत दर्ज कर फिर से सुर्खियां बटोरी हैं। उन्होंने यहां भाजपा प्रत्याशी को 1,51,473 वोट के बड़े अंतर से हराया है। आजाद समाज पार्टी ने अपने एक और प्रत्याशी अमरजीत सिंह को डुमरियागंज से उतारा था। उनको भी 81,305 वोट मिले हैं। यही दो ऐसी सीटें हैं, जहां बसपा चौथे नंबर पर रही है। बाकी सीटों पर बसपा तीसरे नंबर पर रही है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर कहते हैं कि उनकी पार्टी का पूरे प्रदेश में संगठन है। प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही हर जिले और विधान सभा में कार्यकारिणी गठित हो चुकी है। हमारा अगला लक्ष्य 2027 का विधान सभा चुनाव है।

### कौन हैं चंद्रशेखर?

चंद्रशेखर सहारनपुर के धड़कौली गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने वकालत की पढ़ाई की। दलित युवाओं और बच्चों की मदद के लिए 2014 में भीम आर्मी नाम से संगठन बनाया था। इसके जरिए वह निःशुल्क स्कूल चलाने के साथ ही युवाओं को कानूनी मदद देने का भी काम करते हैं। वह पहली बार चर्चा में तब आए, जब सहारनपुर हिंसा के दौरान अपने गांव में एक विवादित बोर्ड लगा दिया था। उसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर भी हुई। सीएए और एनआरसी मामले में उन्होंने जामा मस्जिद से जंतर-मंतर तक धरने का ऐलान किया, तब भी उनको गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उन्होंने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) बनाई और पिछले विधान सभा चुनाव में कई प्रत्याशी उतारे। वह खुद गोरखपुर से सीएम योगी के खिलाफ प्रत्याशी थे, उस चुनाव में उनको 7,640 वोट मिले।

**कैसे बन रहे विकल्प? :** बसपा 12 साल से सत्ता से बाहर है और लगातार उसका प्रदर्शन गिर रहा है। ऐसे में चंद्रशेखर के इस प्रदर्शन और पार्टी विस्तार की योजना के कारण ही यह सवाल उठ रहा है कि क्या दलित युवाओं को नया चेहरा मिल गया है? चंद्रशेखर भी बसपा की तरह कांशीराम को अपना आदर्श मानते हैं। उनकी आक्रामक शैली युवाओं को भाती है। इसकी चिंता बसपा को भी सता रही है। बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को चंद्रशेखर का जवाब माना जा रहा था। वह भी उसी आक्रामक अंदाज में प्रचार कर रहे थे लेकिन बीच चुनाव में उनको अहम पदों से हटा दिया गया। अब देखना होगा कि चंद्रशेखर दलितों को और एकजुट करने में कितना सफल होते हैं और दलित राजनीति का कितना बड़ा चेहरा बनते हैं?

## नवभारत टाइम्स

# आज हट जाएगी आचार संहिता, सौंपे जाएंगे सर्टिफिकेट

Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com

■नई दिल्ली : देशभर में 16 मार्च से लागू लोकसभा चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता गुरुवार को समाप्त हो जाएगी। जीते हुए सभी 543 सांसदों के सर्टिफिकेट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपने साथ ही आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति को सर्टिफिकेट देने के लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार के साथ दोनों इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी जाएंगे। इसके बाद सरकार बनने समेत आगे की दूसरी तमाम कार्यवाही शुरू हो सकेगी।

आम चुनाव कराने में कुल कितना पैसा खर्च हुआ अभी इसकी जानकारी नहीं

इलेक्शन कमिश्नर प्रेजिडेंट को जीते हुए सांसदों के सर्टिफिकेट सौंपेंगे।

मिल सकी है। आयोग ने बताया कि इन आम चुनावों में कई नई चीजें हुईं। उसमें सबसे पहले सात चरणों में हुए मतदान में देश के 96.88 करोड़ मतदाताओं में से 64.20 करोड़ वोटरों ने वोट देकर विश्व रेकॉर्ड बनाया। जम्मू-कश्मीर में 40 साल बाद इतना अधिक मतदान हुआ। यहां की पांच लोकसभा सीटों पर ओवरऑल 58.58 फीसदी और घाटी में रेकॉर्ड 51.05 फीसदी मतदान हुआ। आयोग का दावा है कि घाटी के लोगों ने 40 साल बाद बिना किसी डर और भय के खुलकर वोट डाले। यहां के वोटरों के इस सकारात्मक रुख ने इस साल 30 सितंबर से पहले कराए जाने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की राह और आसान कर दी है।

कमिशन ने यह भी बताया कि देश के सभी 36 राज्यों में शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए 1.50 करोड़ से अधिक पोलिंग और सिक्यॉरिटी स्टाफ को तैनात किया गया था। उन्हें लाने-ले जाने के लिए 135 स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम किया गया। दूर-दराज और पहाड़ी इलाकों में स्टाफ को पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टरों ने 1692 उड़ानें भरीं। चार लाख से अधिक गाड़ियों का चुनाव कराने में इस्तेमाल किया गया।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

### कैसे थे चुनाव के इंतजाम?

चुनाव आयोग का कहना है कि सारी चुनावी प्रक्रिया ईमानदारी, निष्पक्षता और मेहनत के साथ पूरी की गई। सात चरणों में हुई वोटिंग के बाद री-पोल कराने की नौबत बेहद कम आई। 2019 में वोटिंग कराने के बाद 540 जगहों पर दोबारा मतदान कराना पड़ा था। इस बार मात्र 39 जगह री-पोल कराना पड़ा। उनमें से अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में 25 जगहों पर री-पोल कराना शामिल है। 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में री-पोल की नौबत नहीं आई।

# Pioneer

## 73 WOMEN ELECTED TO LOK SABHA, LOWER THAN 2019

# Pioneer

## Two jailed on terror charges win Lok Sabha polls

**PIONEER NEWS SERVICE ■**
NEW DELHI

Two candidates currently lodged in prison on terror charges emerged winners in the just-concluded parliamentary election, giving rise to an unusual situation for the 18th Lok Sabha to be formed in the coming days.

While the law will keep them from attending the proceedings of the new House, they do have the constitutional right to take oath as Members of Parliament.

The Election Commission declared the results of the Lok Sabha polls on Tuesday. While radical Sikh preacher Amritpal Singh won Punjab's Khadoor Sahib seat, terror financing accused Sheikh Abdul Rashid, also known as Engineer Rashid, emerged victorious on Jammu and Kashmir's Baramulla seat. Engineer Rashid has been lodged in Tihar jail since August 9, 2019, on charges of terror financing. Singh was arrested in April 2023 under the National Security Act and sent to the Dibrugarh prison in Assam.

The question now arises if these jailed newly elected MPs will be allowed to take the oath, and if yes, how. Explaining the legalities involved, Constitution expert and former Lok Sabha secretary general PDT Achari emphasised the importance of following the constitutional provisions in such cases. Being sworn in as a Member of Parliament is a constitutional right, he said.

But because they are currently in prison, Engineer Rashid and Singh must seek permission from authorities to be escorted to Parliament for the oath-taking ceremony. Once they have taken the oath, they will have to return to prison.

To further explain the legalities, Achari cited Article 101(4) of the Constitution which deals with the absence of members from both Houses of Parliament without prior sanction of the Chair.

He said after they have taken oath, they will write to the Speaker, informing him or her about their inability to attend the House. The Speaker will then refer their requests to the House Committee on Absence of Members.

The committee will recommend whether the member should be allowed to remain absent from House proceedings or not. The recommendation is then put to vote in the House by the Speaker.

If Engineer Rashid or Singh are to be convicted and jailed for a minimum of two years, they would lose their seats in the Lok Sabha immediately as per the Supreme Court judgment of 2013, which holds that MPs and MLAs would be disqualified in such cases.

This decision struck down section 8(4) of the Representation of the People Act, which earlier allowed convicted MPs and MLAs three months to appeal against their convictions.

# Pioneer

## UP to face assembly bypolls for 8 seats

PTI ■ LUCKNOW

With as many as nine legislators from Uttar Pradesh including eight MLAs registering a win in the ongoing Lok Sabha elections, a sort of mini-assembly election is on the anvil in the state which threw surprising poll results on Tuesday.

Altogether, 13 MLAs and four MLCs contested the Lok Sabha elections from the politically crucial state of UP.

Eight legislators including three MLCs eventually ended up losing the elections. Apart from these three MLCs who lost the Lok Sabha polls, luck did not smile on five MLAs of UP also.

According to the Election Commission of India, the Samajwadi Party (SP) bagged 37 out of 80 seats, the highest number of Lok Sabha seats in the state, while its ally the Congress bagged six seats.

The BJP won 33 seats, while its allies, the Rashtriya Lok Dal (RLD) and the Apna Dal (Sonelal), won two seats and one seat respectively. The Aazad Samaj Party (Kanshi Ram) clinched victory in one constituency.

The number of sitting MLAs in UP who lost the election stands at five, while the lone MLC who emerged victorious in the ongoing Lok Sabha election from the state was UP's PWD minister Jitin Prasada, who registered a win from Pilibhit Lok Sabha seat, defeating his nearest rival by a margin of 1,64,935 votes.

The other minister from UP who managed to secure a win was Anoop Pradhan 'Balmiki', the minister of state for revenue from Hathras (SC) seat, by a margin of 2,47,318 votes. 'Balmiki' is an MLA from Khair assembly constituency in Aligarh district.

The other ministers of UP who lost the Lok Sabha elections are Dinesh Pratap Singh, minister of state (independent charge) for horticulture, agricultural marketing, agricultural foreign trade and agricultural exports, who lost to former Congress president Rahul Gandhi by a margin of 3,90,030 votes from the Rae Bareli Lok Sabha seat.

Dinesh Pratap Singh is an MLC. The other MLCs from UP who lost the Lok Sabha elections are Saket Mishra from Shrawasti, who lost to Ram Shiromani Verma of the SP by 76,673 votes; and BSP's Bhimrao Ambedkar, who lost to BJP's Jai Prakash from Hardoi (SC) seat. Ambedkar finished as the second runner up.

UP Tourism and Culture minister Jaiveer Singh, who is an MLA from Mainpuri assembly constituency, lost to sitting MP from Mainpuri parliamentary constituency Dimple Yadav of the SP by a margin of 2,21,639 votes.

SP chief Akhilesh Yadav, who is the sitting MLA from Karhal assembly constituency in Mainpuri district, registered a win from Kannauj Lok Sabha seat, defeating BJP's Subrat Pathak by a margin of 1,70,922 votes. The other SP MLAs who clinched victory from their respective seats are Ziaur Rehman from Kundarki in Moradabad, who helped the party retain the Sambhal Lok Sabha seat, as he defeated his BJP rival Parameshwar Lal Saini by 1,21,494 votes.

Similarly, senior SP leader Lalji Verma, who is the MLA from Katehari in Ambedkarnagar, won the Ambedkar Nagar Lok Sabha seat by a margin of 1,37,247 votes, defeating BJP's Ritesh Pandey, who had joined the party after leaving the BSP.

Congress MLA from Pharenda in Maharajganj district, who contested the Lok Sabha polls from Maharajganj parliamentary constituency, lost to Union minister Pankaj Chaudhary by 35,451 votes. The other BJP MLAs who won from their respective Lok Sabha seats are Praveen Patel, the BJP MLA from Phulpur assembly constituency, who bagged the Phulpur Lok Sabha seat in Prayagraj district by winning with a margin of 4,332 votes. Similarly, BJP MLA from Ghaziabad assembly seat Atul Garg won the Ghaziabad Lok Sabha seat by 3,36,965 votes.

NISHAD party MLA Vinod Kumar Bind won the Bhadohi Lok Sabha seat on a BJP ticket by a margin of 44,072 votes. Bind is the MLA from Majhawan assembly constituency in Mirzapur district. RLD MLA from Meerapur assembly constituency in Muzaffarnagar district Chandan Chauhan won the Bijnor Lok Sabha seat by 37,508 votes. BJP MLA from Nehtaur in Bijnor district Om Kumar lost to Chandrashekhar of Aazad Samaj Party (Kanshi Ram) by 1,51,473 votes. Similarly, Rinki Kol, who is also the MLA of Apna Dal (Sonelal) from Chhanbey in Mirzapur district, lost to SP's Chhotelal by 1,29,234 votes from the Robertsganj (SC) seat.

RLD and Apna Dal (Sonelal) are alliance partners of the BJP.

In the assembly bypolls held alongwith the Lok Sabha polls, the BJP won the assembly constituencies of Lucknow East and Dadraul while the SP emerged victorious in Gainsari and Duddhi (ST) constituencies.

## राष्ट्रीय सहारा

# निर्वाचन कर्मियों को सीधे बैंक खाते में भेजी गयी धनराशि : रिणवा

**लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के प्रयासों से 18वीं लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा विधानसभा उप निर्वाचन में लगे प्रदेश भर के सभी निर्वाचन कार्मिकों को पहली बार पारिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से भेजी गई है। इससे पूर्व यह राशि नकद रूप से दी जाती थी। उन्होंने सभी मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े समस्त कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों तथा चुनाव में भाग लेने वाले सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन से सम्बन्धित गतिविधियों को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के लिए सभी मीडिया संस्थानों एवं उनके प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया है।

■ सफल निर्वाचन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं, कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों सहित मीडिया का जताया आभार

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान नई तकनीकों एवं नवाचारों का समावेश किया गया। वोटर हेल्प लाइन, सी-विजिल, वोटर टर्नआउट, सक्षम, सुविधा, केवाईसी जैसे मोबाइल ऐप का प्रयोग करके अनेक नवाचार भी किये गये। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं को धन्यवाद करते हुए कहा कि मताधिकार का प्रयोग करके उन्होंने लोकतंत्र की इस परम्परा को समृद्ध एवं मजबूत किया है और प्रचंड गर्मी में भी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि असली विजेता वास्तव में मतदाता ही है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो कि 04 जून को मतगणना के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया गया।

उन्होंने भीषण गर्मी व लू जैसी चुनौतियों में भी निर्वाचन के दायित्वों का पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पालन करने वाले मतदान और मतगणना कार्मिकों का भी आभार व्यक्त किया है। सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदेश में मतदाताओं को सुचारू, शांतिपूर्ण और उत्सवी माहौल प्रदान करने, भीषण गर्मी व लू जैसी चुनौतियों का सामना करने और कानून-व्यवस्था को संभालने में समर्पण और प्रतिबद्धता दिखायी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए धन्यवाद दिया है।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# चुनाव नतीजों से छेड़छाड़ की कोशिश की थी हैकरों ने

■ रोशन

नई दिल्ली। एसएनबी

पूरा देश जब टीवी चैनलों और इंटरनेट पर टकटकी लगाए चुनाव परिणामों के ग्राफ को ऊपर नीचे होते देख रहा था उस समय दुनियाभर के साइबर हैकरों और भारत की नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के बीच महायुद्ध चल रहा था। हैकर चुनाव आयोग के चुनाव परिणाम वाले सर्वर पर अटैक पर अटैक कर रहे थे और एनआईआई उन्हें विफल करता चला गया। ज्यादा अटैक हुए तो एनआईसी को साईवे बंद करना पड़ा और वैकल्पिक सर्वर स्थापित कर चुनाव आयोग को सर्वर उपलब्ध कराना ताकि चुनाव परिणाम निर्बाध गति से लोगों तक पंहुच सके।

इस बीच एनआईसी को केंद्र सरकार की बाकी साइटों को डाउन करना पड़ा। एनआईसी केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इंटरसेवा और सर्वर उपलब्ध कराता है। सरकारी सूचनाएं गोपनीय और संवेदनशील होने के कारण एनआईसी सर्वर की सुरक्षा बेहद मजबूत है। चुनाव आयोग का सर्वर भी एनआईसी

■ नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेंटर ने जारी रखी सेवा

■ हाईवे बंद कर बनाया वैकल्पिक रूट

मैनेज करता है। देश में चार जून को मतगणना सुबह सात बजे से ही शुरू हो गई थी। देश-विदेश के हैकरों ने एनआईसी पर अटैक करने शुरू कर दिये। आयोग रियल टाइम आंकड़े जारी कर रहा था और टीवी चैनल ब्रेकिंग न्यूज बनाकर उसे दिखा रहे थे।

जैसे-जैसे काउंटिंग आगे बढ़ रही थी वैसे-वैसे काउंटिंग सेंटर के आंकड़े राज्यवार और लोकसभा क्षेत्र के अनुसार पूरे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नजर आ जाते और यही मीडिया के लिए भी सबसे उबड़ा सोर्स था। लेकिन पर्दे के पीछे एक और युद्ध चल रहा था, इसकी जानकारी किसी किसी को नहीं थी। सूत्रों का कहना है कि हैकर एनआईसी सर्वर पर हमले चुनाव परिणाम को प्रभावित और बाधित करने के मकसद से कर रहे थे।

## राष्ट्रीय सहारा

# पांच हजार से भी कम वोटों से जीते आधा दर्जन सांसद

■ हमीरपुर में सबसे कम तो गौतमबुद्धनगर में रहा सबसे ज्यादा जीत का अंतर

लखनऊ (एसएनबी)। किसी भी चुनाव में एक-एक वोट की क्या कीमत होती है, इसका जीता-जागता उदाहरण मंगलवार को हुई लोकसभा सीटों की मतगणना में देखने को मिला। इस चुनाव में हमीरपुर लोकसभा सीट पर सबसे कम 2629 वोटों के अंतर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की तो गौतमबुद्धनगर में भाजपा के प्रत्याशी ने 559472 वोटों के अंतर से जीत हासिल कर उत्तर प्रदेश में रिकार्ड मतों से जीतने का गौरव बनाया।

लोकसभा चुनाव मतदान के बाद हुई मतगणना के दौरान कई सीटों पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। प्रदेश की आधा दर्जन सीटें ऐसी रहीं जिनमें जीत-हार का अंतर पांच हजार से भी कम रहा। हमीरपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह लोधी ने भाजपा के कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को मात्र 2629 मतों से हराकर जीत हासिल की है। यह प्रदेश में सबसे कम मतों के अन्तर से जीतने वाली सीट है। अजेन्द्र सिंह को 490683 मत मिले तो कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह को 488054 मत हासिल हुए। इसी तरह फर्रुखाबाद सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने 2678 मतों से सपा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य को पराजित किया। मुकेश राजपूत को 487963 मत मिले तो डा. नवल किशोर शाक्य को 485285 मत मिले हैं।

बांसगांव सीट पर भी भाजपा को महज 3150 मतों के अंतर से जीत हासिल हुई है। यहां भाजपा के कमलेश पासवान को 428693 मत मिले हैं तो कांग्रेस के सदल प्रसाद को 425543 मत मिले। सलेमपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर को महज 3573 मतों से जीत हासिल हुई है। यहां रमाशंकर राजभर को 405472 मत मिले वहीं भाजपा के रविन्दर कुशवाहा को 401899 मत मिले। इसी तरह फूलपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रवीण पटेल ने महज 4332 मतों के अंतर से जीत हासिल की। यहां प्रवीण पटेल को 452600 मत मिले तो सपा के अमरनाथ मौर्य को 448268 मत ही मिले। इसके अलावा घोसी सीट पर सपा को महज 4449 मतों से जीत हासिल हुई। यहां सपा के आनन्द भदौरिया को 443743 मत मिले तो भाजपा की रेखा वर्मा को 439294 मत ही हासिल हुए। इसी तरह गौतमबुद्धनगर सीट पर उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकार्ड भी बना है। यहां पर भाजपा के डा. महेश वर्मा ने 857829 मत पाकर 559472 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। यहां पर सपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र सिंह नागर को महज 298357 मत ही मिल सके।

जीत का दूसरा रिकार्ड कांग्रेस के राहुल गांधी ने रायबरेली सीट पर बनाया है। इन्होंने 687649 मत हासिल कर भाजपा सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को 390030 के अंतर से पराजित किया। दिनेश प्रताप सिंह को महज 297619 मत ही हासिल हो सके। इसके बाद गाजियाबाद का नम्बर आता है। यहां पर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने कांग्रेस की डाली शर्मा को 336965 मतों के अंतर से पराजित किया।

अतुल गर्ग को 854170 मत तो डाली शर्मा को 517205 मत ही मिले। भाजपा की हेमामालिनी ने भी मथुरा सीट से कांग्रेस के मुकेश धनगर को 293407 मतों के अंतर से पराजित किया। वहां हेमामालिनी को 510064 मत मिले तो मुकेश धनगर को 216657 मत ही मिले। इसके साथ ही बुलन्दशहर में जीत हार का अंतर 275134, आगरा में 271294, मैनपुरी में 221639, बाराबंकी में 215704 रहा है।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

# विधानसभा में नहीं दिखेंगे सांसद बने नौ विधायक

■ कमल तिवारी

लखनऊ। एसएनबी

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद यूपी में छह महीने के भीतर एक और चुनाव की बुनियाद पड़ गयी है। इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के नौ व विधान परिषद के एक सदस्य ने लोकसभा चुनाव जीता है। इन सभी के देश की सबसे पड़ी पंचायत में जाने के बाद उनके रिक्त क्षेत्रों में विधानसभा के उप चुनाव होंगे और सदन की पूरी तस्वीर ही बदल जाएगी। इनमें नेता विरोधी दल अखिलेश यादव भी शामिल हो सकते हैं। वह भी कन्नौज से लोकसभा के लिए चुने गये हैं। अभी आगे उनको यह तय करना कि संसद रहेंगे या विधायक। वैसे भी लोकसभा के साथ यूपी में 4 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में भाजपा व सपा ने दो-दो सीट जीती हैं।

■ फिर बजेगा उपचुनाव का बिगुल

■ लोकसभा चुनाव में उतरे थे 15 विधायक व तीन एमएलसी

लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले छह विधायकों को हार का सामना करना पड़ा है। लोकसभा चुनाव के बाद फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, कुंदरकी, मझावन में उप चुनाव होना तय है। फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल इसी लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुने गये हैं। योगी सरकार में मंत्री व अलीगढ़ की खैर सीट से विधायक अनूप प्रधान भी अब लोकसभा में नजर आयेंगे। गाजियाबाद से विधायक अतुल गर्ग भी सांसद बन गये हैं। वह योगी सरकार में मंत्री भी रहे हैं और केन्द्र की मोदी सरकार के लिए भी जुगत में हैं। भदोही की मंझवन सीट से विधायक विनोद कुमार बिंद भी अब सांसद चुने गये हैं और इस सीट पर भी उप चुनाव की बुनियाद तैयार हो गयी है।

आरएलडी के विधायक चंदन चौहान के सांसद बन जाने से मीरापुर विधानसभा सीट पर भी उप चुनाव होगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अभी करहल सीट से विधायक हैं और उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता विरोधीदल भी। वह कन्नौज से लोकसभा सदस्य चुने गये हैं। उनके करहल सीट खाली करने पर वहां भी उप चुनाव हो सकता है। इसी तरह फैजाबाद से सांसद चुने गये अवधेश प्रसाद भी अब यूपी विधानसभा में अगली कतार में नहीं दिखेंगे। उनकी विधायकी की सीट खाली होने पर उप चुनाव होगा।

अम्बेडकरनगर की कटेहरी विधानसभा सीट से विधायक लालजी वर्मा को विधानसभा में कई रूप में भूमिका रहती थी, लेकिन वह भी सांसद बन चुके हैं और उनकी सीट रिक्त होने पर चुनाव होगा और विपक्ष की बेंच पर अब वह नहीं दिखेंगे। इसी कड़ी में मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर भी उप चुनाव होना तय है। वहां के विधायक जियाउररहमान सपा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज कर चुके हैं। इस बार यूपी विधान परिषद के तीन सदस्य चुनाव मैदान में थे। इनमें पीलीभीत से जीत दर्ज कर जितिन प्रसाद लोकसभा पहुंच गये हैं। उनके लोकसभा चुने जाने से योगी कैबिनेट में भी बदलाव होगा। भले ही अभी उनके काम किसी अन्य मंत्री के जिम्मे कर दिये जाएंगे। की प्रसाद केन्द्र में मंत्री भी रह चुके हैं और इस बार मोदी-3 में भी उनके मंत्री बनने की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। दो एमएलसी साकेत मिश्र व दिनेश प्रताप सिंह को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही विधायक रविदास मेहरोत्रा, रिंकी कोल, वीरेन्द्र चौधरी, ओम कुमार को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

## आज

# सफल निर्वाचन के लिए मतदाताओं का आभार- मुख्य चुनाव अधिकारी

लखनऊ। 18वें लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के सफल और सकुशल समापन के बाद प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिंगवा ने सभी मतदाताओं निर्वाचन से जुड़े समस्त कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों तथा चुनाव में भाग लेने वाले सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन से सम्बन्धित गतिविधियों को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के लिए सभी मीडिया संस्थानों एवं उनके प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान नई तकनीकों एवं नवाचारों का समावेश किया गया। वोटर हेल्प लाइन, सी.विजिल, वोटर टर्नआउट, सक्षम, सुविधा, केवाईसी जैसे मोबाइल एप का प्रयोग करके अनेक नवाचार भी किए गये।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 06 जून, 2024

## आज

# यूपी के आठ विधायकों समेत विधानमंडल के नौ सदस्य बने सांसद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आठ विधायकों समेत विधानमंडल के नौ सदस्यों ने लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की है। इससे प्रदेश में एक मिनी विधानसभा चुनाव की संभावना बन गई है। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश से 13 विधायकों और चार विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) ने लोकसभा चुनाव लड़ा था। इनमें से एक विधान परिषद सदस्य और आठ विधायकों ने जीत हासिल की जबकि तीन एमएलसी और पांच विधायकों को पराजय का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले विधान मंडल सदस्यों की सीटों पर उपचुनाव कराना होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, समाजवादी पार्टी ने राज्य की 80 में से सबसे अधिक 37 लोकसभा सीटें जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। भाजपा ने 33 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल और अपना दल (सोनेलाल) ने क्रमशः दो और एक सीट जीती। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने एक सीट पर जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश में चुनाव हारने वाले मौजूदा विधायकों की संख्या पाँच है, जबकि लोकसभा चुनाव में विजयी होने वाले एकमात्र एमएलसी उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद हैं, जिन्होंने पीलीभीत लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 1,64,935 मतों के अंतर से हराया। उत्तर प्रदेश के अन्य मंत्री, जो जीत हासिल करने में कामयाब रहे उनमें हाथरस सीट से राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि ने 2,47,318 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अनूप प्रधान वाल्मीकि अलीगढ़ जिले के खैर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव हारने वाले एक अन्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह हैं। बागवानी, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंह रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से 3,90,030 मतों के अंतर से हार गए। दिनेश प्रताप सिंह एमएलसी हैं। उत्तर प्रदेश के अन्य एमएलसी सकेत मिश्रा हैं। वह श्रावस्ती सीट से सपा के राम शिरोमणि वर्मा से 76,673 मतों से हार गए। बहुजन समाज पार्टी के एमएलसी भीमराव अंबेडकर को हरदोई सीट से भाजपा के जयप्रकाश के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। मैनपुरी सदर सीट से विधायक और उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव से 2,21,639 मतों के अंतर से हार गए। मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से जीत दर्ज की, उन्होंने भाजपा के सुब्रत पाठक को 1,70,922 मतों के अंतर से हराया। अपनी-अपनी सीटों से जीत हासिल करने वाले अन्य सपा विधायकों में मुरादाबाद के कुंदरकी से विधायक जियाउर रहमान शामिल हैं। उन्होंने संभल लोकसभा सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को 1,21,494 मतों से हराया। इसी तरह, अंबेडकरनगर के कटेहरी से विधायक वरिष्ठ सपा नेता लालजी वर्मा ने अंबेडकर नगर लोकसभा सीट पर भाजपा के रितेश पांडे को 1,37,247 मतों के अंतर से हराया। महराजगंज जिले के फरेंदा से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने महराजगंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था मगर वह केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी से 35,451 मतों से हार गए। अपनी-अपनी लोकसभा सीटों से जीतने वाले अन्य भाजपा विधायकों में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल भी शामिल हैं। उन्होंने प्रयागराज जिले की फूलपुर लोकसभा सीट 4,332 मतों के अंतर से जीतकर अपने नाम की। इसी तरह गाजियाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक अतुल गर्ग ने गाजियाबाद लोकसभा सीट 3,36,965 मतों से जीती। निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद ने भाजपा के टिकट पर भदोही लोकसभा सीट 44,072 मतों के अंतर से जीती। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विधानसभा सीट से विधायक हैं। मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोकदल के विधायक चंदन चौहान ने बिजनौर लोकसभा सीट 37,508 मतों से जीती। बिजनौर जिले के नहटौर से भाजपा विधायक ओम कुमार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चंद्रशेखर से 1,51,473 मतों से हार गए। इसी तरह, मिर्जापुर जिले के छानबे से अपना दल (सोनेलाल) की विधायक रिंकी कोल रॉबर्ट्सगंज (एससी) सीट से सपा के छोटेलाल से 1,29,234 वोटों से हार गईं। राष्ट्रीय लोक दल और अपना दल (सोनेलाल) भाजपा के गठबंधन सहयोगी हैं। लखनऊ (मध्य) से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से 1,35,159 वोटों से हार गए। लोकसभा चुनावों के साथ-साथ हुए विधानसभा उपचुनावों में भाजपा ने लखनऊ-पूर्वी और ददरौल (शाहजहांपुर जिले में) विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की, जबकि सपा गैंसड़ी और दुद्धी विधानसभा क्षेत्रों में विजयी हुई।

## 9 सीटों पर होगा उपचुनाव